अब होलिका—सायाह्न में होलिका तथा पूर्वान्ह में गोक्रीड़ा करनी चाहिए । इति । श्रावणी, दुर्गानवमी, गणेश चौथ एवं होलिका दहन पूर्वविद्धा ही करनी चाहिए, परविद्धा बिल्कुल नहीं । भद्रा में जो होलिका दहन करते हैं, वे निश्चय ही राष्ट्रभङ्ग करते हैं । इति । भद्रा में रावणी, और होलिका दाह ये दो कर्म नहीं करना चाहिए । इति ।

यदि पहले दिन सायाह्न भद्राशून्य न मिले तो परविद्धा करना चाहिए ।

जैसाकि ब्रह्मवैवर्त में—होलिका और पूर्णिमा सायाह्नव्यापिनी करनी चाहिए । अमावास्या और पूर्णिमा भूतविद्धा कदापि नहीं करनी चाहिए । इति।

जो व्यक्ति—'परिवा में होलिका दहन और द्वितीया में गोक्रीड़ा करते हैं, वे राजभङ्ग, वित्तवाश एवं अपने कुल को विनष्ट करते हैं ।'

इत्यादि वचन से उत्तरवर्त्ती दिन में होलिका दहन का निषेध करते हं । यह पहले दिन सायाह्न में भद्रारहित पूर्णिमा में कर्त्तव्य जानना चाहिए । इस पर तिथितत्त्वचिन्तामणि में दोनों दिन प्रदोषव्यापिनी होने पर परविद्धा ही करनी चाहिए । यदि पहले दिन चतुर्दशी प्रदोषव्यापिनी हो, दूसरे दिन पूर्णिमा

सायाह्न से पहले समाप्त हो जाय तो पहले दिन सम्पूर्ण रात में भद्रा रहने पर उसका निषेध किया गया है; ऐसी स्थिति में दूसरे दिन परिवा में करनी चाहिए; यह महामहोपाध्याय महेश ठाकुर का विचार है ।

होलिका दाह में हवा का फल कहते हैं—होलिका दाह के समय यदि हवा का रुख पूरब की ओर हो तो राजा और प्रजा दोनों को सुख होय, यदि दक्षिण की ओर हो तो निश्चय ही दुर्भिक्ष और पलायन हो । पश्चिम की ओर हो तो मवेशी का चारा काफी होय और उत्तर की ओर बहे तो अन्न की ऊपज अधिक हो यदि ईशान की ओर हो तो अनावृष्टि, सीधे ऊपर की ओर जाय तो राजा पनाह ढूढ़े ।

मैथिली—आवगोविन्द द्वादशी योगक सम्बन्ध में—फाल्गुन शुक्ल पक्ष, कुम्भस्थ सूर्य, धनुसंस्थित बृहस्पति, पुष्य नक्षत्र एवं रविवार युक्त यदि द्वादशी होय तऽई गोविन्द द्वादशी कहवैत अछि । दिवसाधिपे = सूर्य, जीवे = बृहस्पति, पुष्यर्क्षे = पुष्य नक्षत्र, एकर कर्त्तव्य कहैत छी ।

यदि जगन्नाथ पुरी में गोविन्द द्वादशी भेटय तऽ तुनका विष्णु लोकक प्राप्ति अवश्य होय । यदि गङ्गा में स्नान उपलब्ध होय तऽ स्नाता के मुक्ति भेंटय । पुरुषोत्तमम् = जगन्नाथ पुरी ।

पूर्ववचन में कहलगेल फलक उच्चारण करैत सङ्कल्प पढवाक चाही । बड़ पैघ पापक समूह अथवा जे सभ हमर पाप हुए तकरा सभके हे गङ्गा ई गोबिन्द द्वादशी पावि अहाँ हरि लिय । ई (पद्मपुराणक वाक्य) पढ़ि गङ्गास्नान करी ।

आव होलिका—सायाह्नव्यापिनी चतुर्दशीविद्धा, भद्रा शून्य पूर्णिमा में होलिका दाह करवाक चाही । तथाहि सायाह्ण में होलिका एवं पूर्वाह्ण में गोक्रीड़ा करवाक चाही । इति ।

श्रवणी, दुर्गाक नवमी, गणेश चौथ एवं होलिका पूर्व विद्धे करवाक चाही, परविद्धा कदापि नहि करवाक चाही । भद्रा में जे होलिका दाह करैत छथि ओ राष्ट्रभङ्ग करैत छथि । श्रावणी एवं फाल्गुनी ई दुइटा काज भद्रा में नहि करवाक चाही । इति । यदि पहिल दिन सन्ध्याकाल भद्रा रहित नहि भेंटय तऽ दोसर दिन करवाक चाही । ब्रह्मवैवर्त में लिखल अछि—होलिका एवं पूर्णिमा सायाह्न व्यापिनी करवाक चाही । अमावास्या एवं पूर्णिमा भूतविद्धा कदापि नहि करवाक चाही । इति ।

आओरजे—'परिवा में होलिका दहन, द्वितीया में गोक्रीड़ा जे करैत छथि ओ राज्यभङ्ग, धनक नाश एवं अपन वंशक विनाश करैत छथि ।'

इत्यादि वचन परदिन होलिका निषेधक अछि । अहि से सिद्ध होयत अछि पूर्वदिन सायाह्न में भद्रा शून्य पूर्णिमा में होलिका दाह करवाक चाही । अहिठाम

तिथितत्त्वचिन्तामणि में दिनद्वय प्रदोषव्याप्ति में परविद्धा करवाक चाही । यदि पूर्वदिन चतुर्दशी प्रदोषव्यापिनी हो, दोसर दिन पूर्णिमा सायाह्न सँ पूर्वहि समाप्त भऽ जाय, तखन पहिल दिन सम्पूर्ण राति में भद्रा रहने ओकर निषेधकलेल दोसर दिन परिवा में करवाक चाही ई ठाकुरजीक मत अछि ।

होलिका दाह में वायुक फल—होलिका दहन में यदि हवा पूरब दिशि बहय तऽ राजा प्रजा दुहूकय सुख होय दक्षिण दिशि होय तऽ पलायन एवं अकाल पड़य, पश्चिम में तृण सम्पत्तिक बृद्धि होय, उत्तर दिस बहने अन्नक प्रचुरता होय ईशान कोनक हवा में वर्षाक अभाव तथा ऊपर उठने राजाश्रय होय ।

विमर्शः—गोविन्दद्वादशीयोगविषये तिथितत्त्वचिन्तामणौ—

कार्मुकीये यदा जीवे कुम्भस्थे च दिवाकरे ।
फाल्गुनस्य सिते पक्षे द्वादश्यां रविवासरे ।।
पुष्पशोभनसंयुक्ता गोविन्दद्वादशी स्मृता ।
तस्यां स्नानञ्च दानञ्च महापातकनाशनम् ।।

अत्र तावत् 'कुम्भस्थे दिवसाधिपे' इत्यनेन प्रतिवर्षे सम्भवः । 'जीवे धनुषि संस्थे च' इत्यनेव द्वादशवर्षे तत्संभवः । परन्तु तत्रापि रविवारपुष्यनक्षत्रशोभनयोगानां संयोगः प्रायिकोऽतएव चिरकाल संभवोऽयं इति ।

होलिकादाहविषये तथोक्तं भविष्ये—

पूर्णापूर्वदलं यावत् तावज्जीवति वत्सरः ।
मृतेपरदले नक्तं दाहस्तस्य विधीयते ।।
भद्रायां दीपिता होली राज्यभङ्गं करोति च ।
नगरस्य च नैवेष्टा तस्मात्तां परिवर्जयेत् ।।

एवं स्मृत्यन्तरेऽपि— दिनार्धात्परतोऽपि स्यात्फाल्गुनी पूर्णिमा यदि ।
रात्रौ भद्रावसाने तु होलिका दीप्यते तदा ।।

इत्यादि वचनैर्भद्रायुक्त पूर्णिमायां होलिकादहनमनिष्टफलजनकम् । एवम् पूर्णिमोत्तरसमये प्रतिपद्यपि तन्निषेध उक्तस्तिथिचन्द्रिकायाम्—

नन्दायां होलिका पूजा भद्रायां गोऽर्चनादिकम् ।
न कदापि हि कर्त्तव्यं मनुराह प्रजापतिः ।।

तथा च—प्रतिपत्पलमेकं चेत् होलिदाहो विधीयते ।
हाहाभूतं जगत्सर्वं रुण्ड मुण्डं च जायते ।।

तथाचोक्तं विद्याविनोदे—

नन्दायां नरकं घोरं भद्रायां देशनाशनम् ।
दुर्भिक्षं च चतुर्दश्यां करोत्येव हुताशनः ।।

तथा च नारदः—प्रतिपद्धृतभद्रासु याऽर्चिता होलिका दिवा ।
सम्वत्सरे च तद्राराष्ट्रं पुरं दहति साऽद्भुतम् ।।

एभिर्वचनैः पूर्णिमोत्तर प्रतिपदि होलिकादहनं निषिद्ध्यते । परं यदि पूर्वदिने भद्राशून्य पूर्णिमावकाशो न भवेत्परदिनेऽस्तमयात्पूर्वमेव पूर्णिमाविरामस्तदोभयत्र दोष-दर्शनात् विशेषविचारावसरः । तत्र मैथिलस्मार्त्तकाराणां मतेन परदिने प्रदोषे प्रतिपद्येव होलिकादहनं तथा चोक्तं भविष्योत्तरे—

सार्धयामत्रयं चेत्स्यात् द्वितीय दिवसे यदि ।
प्रतिपद्वर्धमाना तु तदा स्यात् होलिका मता ।।

तथा च—असत्यामपि पूर्णायां वृद्धित्वे होलिकार्चनं ।
क्रियमाणं च नन्दायां शान्तिर्भवति नो क्षयः ।।

तथा चोक्तं राजमार्त्तण्डे—

भद्रस्यपुच्छशुभहेतुरव्ये वदन्ति केचिन्न तु युक्तमेतत् ।
शुष्केन्धनैर्दीप्तहुताशनस्य किमग्रभागेऽपि हि शीतता स्यात् ।।

इत्यनेन मैथिलैर्भद्रापुच्छे होलिकादहनं न क्रियते । परन्तु निर्णयसिन्धुकाराः परदिने रात्रौ पूर्णिमाया अलाभात्पूर्वदिने भद्रापुच्छे होलिकादहनमादिशन्ति । तत्र पूर्णिमा-तिथिमासे षष्टिदण्डात्मिके सार्द्धैकोनविंशति दण्डादनन्तरं सार्द्धं द्वाविंशति दण्डावधिकं दण्डत्रय परिमितं तत्पुच्छमानं वेद्यम् । षष्ट्यधिकाल्पमाने तु तत्र परिणाम्यमिति ।

'तत्राग्नि मन्त्रमुच्चार्य दीपयेत होलिका शुभाम् ।
भगलिङ्गाङ्कितैर्वाक्यैः क्रीडितव्यं पिशाचवत् ।।'

तत्र दीपमन्त्रस्तु—

दीपयाम्यत्रते घोरां चितिं राक्षसि, ते नमः ।
हिताय सर्वजगतां प्रीतये पार्वतीपतेः ।।
वन्दितासि सुरेन्द्रेण ब्रह्माच्युतशिवादिभिः ।
अतस्त्वं पाहिनो भीत्या भूषिता भूतिदा भव ।।

कृष्णमोहनठक्कुरणोक्तमिदमिति ।

।। इति कृत्यसारसमुच्चये फाल्गुनकृत्यम् ।।

।। इति द्वादशमासकृत्यम् ।।

अथ ग्रहणविचार:

तच्च यज्जन्मराश्यादौ ग्रहणं तस्य ग्रहणदर्शने दोषमाह—

'धीधर्मनैधनमदव्ययशर्मकर्मजन्मोपगं रविशशिग्रहणं नराणाम् ।
पुत्रायुरर्थपरिनाशकमीक्षितं स्याद्रोगं वपु:क्षयमन: क्लममातनोति ।।'

तथा च पञ्चमनवमाष्टमसप्तमद्वादशचतुर्थदशमजन्मराशौ वा ग्रहणे तद्ग्रहणदर्शने रोगादिकं भवतीत्यतो नावलोकनीयमिति भाव: ।

हिन्दी—अब ग्रहण आदि पर विचार और वह जिस जन्म राशि आदि में ग्रहण हो उसके ग्रहण दर्शन में दोष बतलाये हैं—

मनुष्यों के जन्मराशि के निकटवर्ती जिन भावों में अर्थात् धी, धर्म, मृत्यु, जाया, व्यय, शर्म (सुहृत्) कर्म संज्ञक स्थानों में यदि सूर्य या चन्द्रमा का ग्रहण लगा हो तो उस ग्रहण को देखने से पुत्र, आयु और धन का नाश होता है और रोग होता है, शरीर का क्षय तथा मन का अवसाद बढ़ता है ।

और भी ५वां, ९वां, आठवां, सातवां, बारहवां, चौथा और दशमा स्थान में यदि ग्रहण हो तो उसे देखने पर रोगादिक होता है । अत: उसे नहीं देखना चाहिए । यही भाव है ।

मैथिली—आव ग्रहणादि पर विचार ओ जाहि जन्म राशि में ग्रहण लागल होय, ओ व्यक्ति के ग्रहण दर्शन कयला उत्तर दोष कहने छथि—

जिनकर जन्म राशिक निकटवर्त्ती जाहि भाव में अर्थात् धी, धर्म, मृत्यु, जाया, व्यय शर्म एवं कर्म संज्ञक स्थान में यदि सूर्य या चन्द्रमाक ग्रहण लागल होय तऽ ओकर दर्शन कयला उत्तर पुत्र, आयु एवं धनक नाश होयत अछि । देह में रोग, देहक क्षय तथा मनक अवसाद बढैत अछि ।

आओर, पञ्चम, नवम, अष्टम, सप्तम, द्वादश, चतुर्थ एवं दशम जन्म राशिक सूर्य अथवा चन्द्रग्रहणक दर्शन कयला उत्तर रोगादिक होयत अछि, तॉय ग्रहणक दर्शन नहि करवाक चाही, ई भाव अछि ।

विमर्श:—तथाचोक्तं बृहज्ज्यौतिषसारे—

त्रिषड्दशायेषु गते नराणां शुभप्रदं स्यात् ग्रहणं रवीन्दो: ।
द्विसप्तनन्देषु च मध्यमं स्याच्छेषेष्वनिष्टं मुनयो वदन्ति ।।

अन्यमते—ग्रासात्तृतीयोष्टमचतुर्थस्तथाऽऽयसंस्थ: शुभद: स्वराशे: ।
ग्रासाद्रवि: पञ्चनवर्त्तुमध्यस्तपोऽधमश्चेति बुधैर्निरुक्तम् ।।'

मुहूर्त्तचिन्तामणौ— जन्मर्क्षे निधनं ग्रहे जनिभतो घात: क्षति: श्रीर्व्यथा
चिन्तासौख्यकलत्रदौस्थ मृतय: स्युर्माननाश: सुखम् ।
लाभोपाय इति क्रमात्तदशुभ ध्वस्त्य जप: स्वर्णगो-
दानं शान्तिरथो ग्रहं त्वशुभदं नो वीक्ष्य माहु: परे ।।

अथ ग्रहणे श्राद्धमावश्यकम् । तथा हि—

'सर्वस्वेनापि कर्तव्यं श्राद्धं वै राहुदर्शने ।
अकुर्वाणस्तु तच्छ्राद्धं पङ्के गौरिव सीदति ।।' इति शातातप: ।

अथ यावत्पर्यन्तं दर्शनयोग्य उपरागस्तानेव पुण्यकाल: । तथा हि जाबालि:—'चन्द्रसूर्योपरागे तु यावद्दर्शनगोचर:' ।

उपरक्तदर्शनानन्तरं यावद्दर्शनयोग्य उपरागस्तावानेव पुण्यकालो न संक्रान्तिवदधिकोऽपि । द्वैतपरिशिष्टे—अत्र शातातपवचने राहुदर्शने चेति देवलवचने च दर्शनगोचर इति दर्शनपदाभ्यां चाक्षुषज्ञानविषयस्यैव निमित्तता चाक्षुषज्ञान एव दर्शनपदस्य शक्तत्वात् । तच्च ज्ञानं स्नानादिकर्तुरिव लाघवात्। एवं च स्पृष्टेऽपि ग्रासे अपश्यतो नाधिकार: । न चैवं मज्जनकाल एव पुण्यकालो न स्यादिति वाच्यम् । गोचरपदस्य तद्योग्यतालक्षकत्वात् । सा च योग्यतादानबाधकमानाभावरूपा, सा च मेघगुल्मादिव्यवहितेऽप्यसति मेघाद्यपगमे तद्दर्शनस्यापि सम्भवात् । अन्यदृष्टे ग्रासेऽन्यस्य स्नानाधिकार इति केचित्, तन्न, लाधवेन सामानाधिकरण्यस्यैव प्रयोजकत्वात् । राहुदर्शनसंक्रान्तीत्यादि अन्यस्यायातिप्रसक्तत्वाच्च इति केशवमिश्रा: ।

हिन्दी—सूर्य या चन्द्र ग्रहण लगने पर अपनी सारी सम्पत्ति से भी किसी व्यक्ति को श्राद्ध करना चाहिए । जो व्यक्ति यह श्राद्ध नहीं करते, वे कीचड़ में फंसी गाय के तरह दु:ख पाते हैं । इति ।

चन्द्र या सूर्य ग्रहण जब तक आँखों से दिखलाई पड़े पुण्यकाल होता है । जावालि का कहना है—'सूर्य अथवा चन्द्र ग्रहण जब तक आँखों से दिखलाई पड़े' ।

ग्रहण लगे हुए देखने के बाद जब तक ग्रहण दिखलाई पड़े तभी तक पुण्यकाल मानना चाहिए न कि संक्रान्ति की तरह कुछ अधिक काल भी । द्वैतपरिशिष्ट में शातातपय के वचन में 'राहुदर्शने' तथा देवल के वचन में 'दर्शन गोचर' इन दोनों जगहों में 'दर्शन' पद से चाक्षुष ज्ञान विषय की ही निमित्तता अर्थात् साधनभूत कारणता परिलक्षित होती है । यहाँ दर्शन पद की

शक्तिमत्ता तो चाक्षुष ज्ञान अर्थात् आँखों से देखी वस्तु के ज्ञान से ही सिद्ध होता है और यह ज्ञान स्नान आदि करने के लिए ही सहजता से प्राप्त होता है। इस तरह इससे सिद्ध होता है कि चन्द्र या सूर्य का ग्रहण लगने पर भी चन्द्र या सूर्य का ग्रस्तांश जिसे दिखलाई न पड़े उसे स्नान दानादिका कोई अधिकार नहीं है। न कि इस तरह स्नान काल ही पुण्यकाल नहीं होगा ऐसा कहा जाय तो गोचर पद का अर्थात् इन्द्रियग्राह्य वस्तु की योग्यता की लक्षकता से सिद्ध है। वह योग्यता दर्शन बाधक माना भाव रूप है। क्योंकि वह योग्यता मेघ झुण्ड आदि से अलग किये जाने पर भी तो है ही। मेघ आदि व्यवधान के हटने पर तो उसके दर्शन संभव है ही। किसी दूसरे के ग्रहण देखने पर किसी दूसरे को भी स्नान आदि का अधिकार कुछ लोग मानते हैं, ऐसा नहीं है। लाघव से सामानाधिकरण्य अर्थात् जिसने देखा उसे ही स्नानादि का अधिकार मानना चाहिए। राहु दर्शन संक्रान्ति इत्यादि दूसरे का अति प्रसक्त अर्थात् अधिक लगाव है। ऐसा केशवमिश्र का कथन है।

मैथिली—सूर्य या चन्द्र ग्रहण लागला उत्तर अपन सर्वस्व दऽके श्राद्ध अवश्य करवाक चाही। एहन अवसर पर जे व्यक्ति श्राद्ध नहिं करैत छथि ओ कीचड़ में धसल गाय जकां दु:ख पावैत छथि। इति।

चन्द्र एवं सूर्यग्रहण यावत्काल धरि चक्षुरिन्द्रिय ग्राह्य होय तावते काल धरि पुण्यकाल मानलगेल अछि।

जाबालिक कथन अछि—'सूर्य अथवा चन्द्रग्रहण यावत् काल धरि आँखि सों देखल जाय' ग्रहण लागल देखलाक बाद जखन धरि ग्रहण देखि पड़य तखन धरि पुण्य काल मानवाक चाही, संक्रान्ति जकां किछु अधिक काल धरिनहि द्वैतपरिशिष्टक शातातपक वचन में 'राहुदर्शने' तथा देवलक वचन में 'दर्शन गोचर' ई दुहूठाम 'दर्शन' पदक प्रयोग सँ चाक्षुष ज्ञान विषयक निमित्तताक बोध होयत अछि। कियेक तऽ चाक्षुषज्ञान मात्रे दर्शन पदक शक्तिमत्ता छैक। ई ज्ञान स्नानादि करवाक लाघव सँ प्राप्त होयत अछि। ताँय ग्रहण लागलो उत्तर जँ ग्रहण देखि नहि पडय त स्नानादिक अधिकार नहि कहल गेल अछि। नइ तऽ स्नानं काले पुण्यकाल नहि होय ई कही। तऽ गोचर पदक पदयोग्यताक लक्षकता सँ सिद्ध होयत अछि। ई योग्यता दर्शनबाधक मानाभावरूप होयत अछि। से योग्यता मेघसमूहक व्यवधान रहलो उत्तर होयत छैक, मेघ के हरलाक बाद तऽ दर्शन होयते छैक। कुछ लोकनिक विचारे केकरो ग्रहण देखलाक बाद दोसरो गोटेन के स्नानक अधिकार होयत अछि। से नहि। कियेद तऽ लाघव से सामानाधि- करण्यक प्रयोजन बुझना जायत छैक। ग्रहण संक्रान्ति प्रभृति अन्यक अति प्रसक्ते होयत छैक। ई केशव मिश्रक विचार छैन्हि।

विमर्शः—अत्र वराहसंहितायाम्—

यद्येकस्मिन्मासे ग्रहणं रविसोमयोस्तदा क्षितिपाः ।
स्वबलक्षोभैः संक्षयमायान्त्यतिशस्त्रकोपश्च ।
अर्कग्रहात्तुशशिनो ग्रहणं यदि दृश्यते ततो विप्राः
नैकव्रतु फलभाजो भवन्ति मुदिताः प्रजाश्चैव ।।
सोमग्रहे निवृत्ते पक्षान्ते यदि भवेद् ग्रहोऽर्कस्य ।
तत्रामयः प्रजानां दम्पत्योर्वैमनस्यजायतेऽन्योन्यम् ।।

अथात्र श्राद्धे फलमाह—

'स्नानं दानं तपः श्राद्धमनन्तं राहुदर्शने ।
राहुदर्शनदत्तं हि श्राद्धमाचन्द्रतारकम् ।।
गुणवत्सर्वकामीऽयं पितृणामुपतिष्ठते ।।'

मनुः— 'रात्रौ श्राद्धं न कुर्वीत राक्षसी कीर्तिता हि सा ।
सन्ध्ययोरुभयोश्चैव सूर्ये चैवाचिरोदिते ।।'

एतट्टीकायाम् । अचिरोदित इत्यत्र कालापेक्षायां त्रिमुहूर्त्तः प्रातःकालो ग्राह्यः । विष्णुपुराणे यथोक्तम्—

रेखाप्रभृत्यथादित्ये त्रिमुहूर्तं गते रवौ ।
प्रातस्तत्र स्मृतः कालो भागः सोऽन्तस्तु पञ्चमः ।।'

इति कुल्लूकभट्टः ।

अथ राहुदर्शने तु रात्रादावपि श्राद्धं कर्तव्यमेव । तथाह विष्णुः—

'सन्ध्यारात्र्योर्न कर्तव्यं श्राद्धं खलु विचक्षणैः ।
तयोरपि च कर्तव्यं यदि स्याद्राहुदर्शनम् ।।'

देवलः— 'राहुदर्शनसंक्रान्तिविवाहात्ययवृद्धिषु ।
स्नानदानादिकं कुर्यान्निशि काम्यव्रतेषु च ।।' इति ।

अत्र स्नानदानादीत्यादिपदं तर्पणाद्युपलक्षकम् ।

संवत्सरप्रदीपधृतस्मृतिः—

'सूतके मृतके चैव न दोषो राहुदर्शने ।
स्नानमात्रं तु कर्तव्यं दानं श्राद्धविवर्जितम् ।।' इति ।

तथा चाशौचिना ग्रहणे स्नानमात्रं कर्तव्यं न तु दानादिकमिति भाव.. ।।

हिन्दी—इस अवसर पर श्राद्ध का फल कहा है—

चन्द्र या सूर्य ग्रहण में स्नान, दान, तप या श्राद्ध अक्षय फलदायक होते हैं । ग्रहण में किया गया श्राद्ध जब तक संसार में चन्द्र और तारे हैं

अर्थात् सदा के लिए श्रेष्ठ एवं सभी कामना को पूरा करने वाला बनकर पितरों के पास रहते हैं ।

मनु का कथन है—रात में श्राद्ध नहीं करना चाहिए । रात में की गई श्राद्धक्रिया राक्षसी कहलाती है । प्रात: या सायङ्काल की सन्धिवेला में अर्थात् सूर्य आने के कुछ ही क्षणबाद । अचिरोदित की टीका में समय के विचार में प्रात:काल के तीन मुहूर्त्त अर्थात् दो घंटे चौबीस मिनट ग्राह्य है ।

जैसा कि विष्णुपुराण में कहा गया है—सूर्य के अल्पांश अर्थात् प्रभातकालीन तीन मुहूर्त्त व्यतीत होने तक । समय का वह भाग प्रात: काल है जिसकी सीमा पाँच मुहूर्त्त तक हैं ।' कुल्लूक भट्ट ।

ग्रहण लगने पर रात में भी श्राद्ध कर्त्तव्य है । विष्णुपुराण का वचन है—विद्वान् पुरुष संध्याकाल एवं रात में श्राद्ध नहीं करते है, फिर भी ग्रहण लगने पर उक्त दोनों वेला में भी श्राद्ध करना चाहिए ।

देवल का कथन है—ग्रहण लगने पर, संक्रान्ति काल में, विवाह में अतिक्रमण बढ़ जाने पर तथा वाञ्छित व्रतों के अवसर पर रात में भी स्नान दानादि करना चाहिए । यहाँ स्नान दानादि पद तर्पण आदि का संकेतक है ।

संवत्सर प्रदीप में उद्धृत स्मृति का वचन—सूतक लगने पर या किसी के मरने पर ग्रहण लगने का कोई दोष नहीं लगता । ऐसे अवसर पर दान एवं श्राद्ध वर्जित केवल स्नान मात्र करना चाहिए । मृताशौच वाले व्यक्ति को स्नान मात्र करना चाहिए न कि दानादि यही कहने का तात्पर्य है ।

मैथिली—ग्रहणक अवसर पर श्राद्धक फल कहलगेल अछि—

सूर्यग्रहण होय अथवा चन्द्रग्रहण अहि अवसर पर कयलगेल स्नान, दान, तप या श्राद्ध अक्षय फल दायक होयत अछि । ग्रहणक उपलक्ष में कयलगेल श्राद्ध आ चन्द्रतारक सर्वश्रेष्ठ एवं सर्वकामनाक संपूरक भय पितरक समीप रहैत अछि । मनुक कथन छैन्हि—राति में श्राद्ध नहि करवाक चाही । राति में कयल श्राद्ध राक्षसी कहवैत अछि प्रात: या सायं कालक सन्धिवेला में, अर्थात् सूर्योदयक कुछ क्षण बाद—

अचिरोदित टीका में, समयक विचार में प्रात:कालक तीन मुहूर्त्त (२ घंटा २४ मिनट) ग्राह्य अछि ।

विष्णुपुराणक कथन अछि—सूर्यक अल्पांश अर्थात् सूर्योदयक तीन मुहूर्त्त धरि प्रात: काल कहवैत अछि एकर अधिकतम सीमा पाँच मुहूर्त्त धरि मानल गेल अछि । कुल्लूक भट्ट । ग्रहण लागला पर रातियो में श्राद्ध करवाक चाही, ई विष्णुपुराणक वचन अछि—

विद्वान् लोकनि सन्ध्याकाल एवं राति में श्राद्ध नहिं करैत छथि । किन्तु, ग्रहण लागला उत्तर उक्त दुहू काल में श्राद्ध करवाक चाही ।

देवलक वचन अछि—ग्रहण लागला उत्तर, संक्रान्तिकाल में, विवाह में, अतिक्रमण बढ़िगेला पर उत्तर तथा वाँछित व्रतक अवसर पर रातियों में स्नान दानादि करवाक चाही । अहिठाम स्नान दानादि पद तर्पण प्रभृतिक संकेतक अछि । सम्वत्सरप्रदीप में उद्धृत स्मृतिक वचन अछि—सूतक लाकला पर या केकरो मरला पर ग्रहण दोष नहि होयत छैक । एहन अवसर पर श्राद्ध एवं दानादि कर्म विना कयने स्नान मात्रे शुद्धि होयत छैक।

अशौची लोकनिक ग्रहण में मात्र स्नान करवाक चाही न कि दानादिक क्रिया । एव वहि एकर तात्पर्य अछि ।

विमर्श:—कृत्यशिरोमणिटिप्पण्यां धृतव्रतवाक्यसंग्रहे—

चन्द्रसूर्यग्रहे यस्तु स्नानं दानं शिवार्चनम् ।
न करोति पितुः श्राद्धं स नरः पतितो भवेत् ।।

तत्रैव निगमे—सूर्येन्दुग्रहणे यावत् तावत्कुर्याज्जपादिकम् ।
न स्वपेत्र च भुञ्जीत स्नात्वा भुञ्जीत मुक्तयोः ।।
निद्रायां जायते रोगी मूत्रे दारिद्र्यमाप्नुयात् ।
पुरीषे कृमियोनिः स्यान्मैथुने ग्रामशूकरः ।।
अभ्यङ्गे च भवेत् कुष्ठी भोजने स्यादधोगतिः ।
वञ्चने च भवेत्सर्पो वधे च नरकं व्रजेत् ।।

वराहसंहितायाम्—यद्येकस्मिन्मासे ग्रहणं रविसोमयोस्तदा क्षितिपाः ।
स्वबलक्षोभैः संक्षयमायान्त्यतिशस्त्रकोपश्च ।
अर्कग्रहात्तुशशिनो ग्रहणं यदि दृश्यते ततो विप्राः
नैकव्रतु फलभाजो भवन्ति मुदिताः प्रजाश्चैव ।।
सोमग्रहे निवृत्ते पक्षान्ते यदि भवेद् ग्रहोऽर्कस्य ।
तत्रामयः प्रजानां दम्पत्योर्वैमनस्यजायतेऽन्योन्यम् ।।

चतुवर्गचिन्तामणौ—
छेद्यं न पत्रं तृणदारुपुष्पं कार्यत्र केशाम्बर पीडनञ्च
दन्तात्र शोध्या परुषं न वाच्यं भोज्यञ्च वर्ज्यं मदनो न सेव्यः ।
वाह्यं न वाजि द्विरदादि किञ्चिद्दोह्यो न गोऽजामहिषीसमूहः
यात्रा न कुर्याच्छयनञ्च तद्वद्गृहे निशाभर्तुरहर्पतेश्च ।।'

अथ 'नाद्यात्सूर्यग्रहात्पूर्वमन्हि सायं शशिग्रहात् ।
ग्रहकाले च नाश्नीयात् स्नात्वाश्नीयाच्च मुक्तयोः' ।।

मुक्तयोरिति चन्द्रसूर्ययोरिति शेषः । अत्रार्द्धरात्रानन्तरग्रहणे दिनभोजने न

दोष:, किन्तु श्राद्धादिकरणे भोजनजन्यमशौचं भवत्येवेति व्रतपद्धति: । तथा च श्राद्धकरणेच्छावता तादृशचन्द्रग्रासे दिनेऽपि भोजनं न कर्तव्यमिति तात्पर्यम् । 'मुक्ते शशिनि भुञ्जीत' इति वचनात् । ग्रहणमुक्त्यनन्तरं भोक्तव्यम् तत्रापि यद्युपाधिवशान्मुक्तिर्न दृश्यते तदा मुक्तिकालमनुमीय भोक्तव्यम् । तथा हि—

'मेघमालादिदोषेण मुक्तिर्यत्र न दृश्यते ।
आकलय्य तु तत्कालं भुञ्जीताथाविशङ्कित: ।।'

स्मृति:— 'सूर्यवारे रविग्रासश्चन्द्रवारे शशिग्रह: ।
चूडामणिरिति ख्यातस्तत्रानन्तफलं स्मृतम् ।।
इन्दोर्लक्षगुणं प्रोक्तं रवेर्दशगुणं स्मृतम् ।
गङ्गातीरे तु संप्राप्ते इन्दो: कोटी रवेर्दश ।।

अथ ग्रहणादौ फलमाह—व्यवहाररत्नावल्याम्—

'कृत्तिका भरणी पुष्यं पूर्वभाद्रस्तथा मघा ।
विशाखा फाल्गुनी पूर्वा आग्नेयं मण्डलं विदु: ।।

अस्मिन्नक्षत्रयोगे यदि चलति मही चन्द्रसूर्यग्रहो वा
निर्वातोल्काऽशनीनां कथमपि पतने दर्शने चापि केतो: ।
दह्यन्ते काननानि प्रबलतरमही तीव्रतेजा: पतङ्गा
रोगै: पित्तज्वराद्यैर्निखिलतनुगतै: पीड्यते जीवलोक: ।।'

'स्वाती हस्ताश्विनी चित्रा मृगशीर्षपुनर्वसु: ।
उत्तराफाल्गुनी चैव वायव्यं मण्डलं विदु: ।।'

प्राकाराट्टालचैत्या: पृथुगृहतरवो गोपुरा भूधराश्च
आमूलं शीर्यमाणा: पवनजववशाद्यान्ति भूभागमाशु ।
नारीगोगर्भपातास्तदनु च नियतं मन्दशस्या धरित्री
दुर्भिक्षं चातिकष्टं भवति च महती व्याधिपीडा नराणाम् ।।

'चैत्यो ग्रामोपलक्षकवृक्ष: पृथु: स्थूल: । गोपुरं तु बहिर्द्वारमिति कोष: । जवो वेग: ।

'ज्येष्ठाऽनुराधारोहिण्य: श्रवणाभिजितं तथा ।
उत्तरा च धनिष्ठा च माहेन्द्रं मण्डलं विदु: ।।
लोकोनित्यप्रमोदी विनययुतमना नष्टरोगावकाशो
दाने भोगेऽनुरक्त: सकलगुणयुत: सर्वदु:खैर्विमुक्त: ।
कीर्तिं विस्तीर्य रम्यां त्रिभुवनफलके वर्द्धयन् धर्मवृद्धिं
कोषै: पूर्णो नरेन्द्रो जन पद सहितो वर्द्धते श्रीसमेत: ।।

शतभिषा चोत्तराभाद्रः पूर्वाषाढाश्च रेवती ।
आर्द्रा मूलं तथाश्लेषा वारुणं मण्डलं विदुः ॥
गर्जन्ते वारिवाहा जलभरनमिता क्षीरगर्भाश्च गावः ।
शस्यैः पूर्णा धरित्री ज्वरभयरहिता जन्तवःसर्वदैव ॥

हिन्दी—सूर्य ग्रहण से पूर्व दिन में तथा चन्द्र ग्रहण से पूर्व संध्या में भोजन नहीं करना चाहिए । ग्रहण लगे रहने के समय भी भोजन नहीं करना चाहिए । चन्द्र ग्रहण हो या सूर्य ग्रहण मोक्ष होने के बाद ही स्नान कर भोजन करना चाहिए ।

'मुक्तयोः' का तात्पर्य है चन्द्र एवं सूर्य दोनों के राहुग्रास से मुक्ति मिलने पर यहाँ आधी रात के बाद ग्रहण लगने पर दिन में भोजन करने में कोई दोष नहीं लगता । किन्तु श्राद्धादि करने वाले को दिन में भोजन कर लेने पर व्रत पद्धति के अनुसार भोजन जन्य अशौच तो होता ही है । तो फिर, श्राद्ध करने की जिनकी इच्छा हो उन्हें ऐसे चन्द्र ग्रहण में भी दिन में भी भोजन नहीं करना चाहिए । इसका यही तात्पर्य है ।

'चन्द्रमा को ग्रहण से मुक्ति मिलने के बाद ही भोजन करना चाहिए ।' इस वचन के अनुसार ग्रहण से मुक्ति मिलने के पश्चात् ही भोजन करना चाहिए । इसमें भी यदि किसी विशेष कारण से मोक्ष दिखलाई न पड़े तो मोक्षकाल का अनुमानकर भोजन करना चाहिए । जैसे—बदली के कारण यदि ग्रहण दिख न पड़े तो मुक्तिकाल का हिसाब लगाकर असंदिग्ध हो भोजन करना चाहिए ।

स्मृति का वचन है—रविवार में सूर्यग्रहण तथा सोमदिन चन्द्रग्रहण यदि हो तो इसे चूड़ामणि योग कहते हैं । चूड़ामणि योग में स्नान का अनन्त फल मिलता है । चन्द्रग्रहण में स्नान का लाख गुना तथा सूर्य ग्रहण का दश गुना फल कहा गया है । गङ्गा तीर में यदि यह योग मिले तो चन्द्र ग्रहण में करोड़ गुना तथा सूर्यग्रहण में दश गुना फल मिलता है ।

ग्रहणादि का फल कहा है, व्यवहाररत्नावली में—कृतिका, भरणी, पुष्य, पूर्वभाद्र, मघा, विशाखा, फाल्गुनी और पूर्वा नक्षत्र में लगे ग्रहण आग्नेय मण्डल के नाम से जाना जाता है । इन नक्षत्रों के योग में यदि भूकम्प हो चन्द्र या सूर्यग्रहण हो या केतु के दर्शन हो तो बवण्डर, लूक एवं वज्रपात किसी भी तरह से होगा ही । जंगल जलकर खाक हो जाय, घर और नगर का विनाश हो जाय, सूर्य का तेज अत्यधिक तीव्र हो जाय और समस्त जीवधारियों का संसार रोग से पित्तज्वरादि से विनाश हो जाय ।

इसी तरह स्वाती, हस्त, अश्विनी, चित्रा, मृगशिरा, पनर्वसू, उत्तर फाल्गुनी नक्षत्रों में ग्रहण लगने पर उसे वायव्य मण्डल कहा जाता है । इस ग्रहण के लगने के कुफल स्वरूप भयंकर तूफान एवं आन्धी आती है, जिससे नगर के परकोठे, विशालभवन, सड़क के किनारे वाले विशाल गूलर या वटवृक्ष, विशाल घरेलू पेड़, पहाड़ जड़ से उखड़ कर धराशायी हो जाते हैं । औरतों और गायों के गर्भपात होते हैं । फसलें मारी जाती हैं अकाल पड़ जाता है । जन जीवन भयंकर रोग से ग्रसित होकर काफी कष्ट पाता है ।

चैत्य का अर्थ ग्रामोपलक्षक पेड़, पृथुका अर्थ मोटे, गोपुर का कोश के मुताबिक अर्थ है बहिर्द्वार, जब का अर्थ है वेग ।

ज्येष्ठा, अनुराधा, रोहिणी, श्रवणा, अभिजित, उत्तरा और धनिष्ठा नक्षत्र गत ग्रहण को माहेन्द्र मण्डल कहा जाता है । इसके फलस्वरूप समस्त मानव जाति हमेशा प्रसन्न रहती है । स्वभाव विनम्र होता है । रोगों से मुक्ति मिल जाती है । दान और भोग में आसक्ति हो जाती है । सारे गुण शरीर में आते हैं । हर तरह की तकलीफों से मुक्ति मिल जाती है । तीनों भुवन में यश फैलाते हुए धर्म की अभिवृद्धि करता है । राजा का कोष भरा रहता है । लक्ष्मी के साथ समस्त जन पद का अभ्युदय होता है ।

शतभिषा, उत्तरभाद्र, पूर्वाषाढ, रेवती, आर्द्रा, मूल, श्लेषा, नक्षत्रों में लगे ग्रहण को वारुण मण्डल कहा जाता है । वारुण मण्डल के प्रभाव में मेघ गरजते हैं, जल के भार से झुके रहते हैं । गायें दुधारू हो जाती हैं । धरती की गोद फसलों से भर जाती हैं । जीव जन्तु हमेशा ज्वर के भय से मुक्त हो जाते हैं ।

मैथिली—**सूर्यग्रहणक पूर्व दिन में तथा चन्द्रग्रहणक पूर्वसन्ध्या में भोजन नहि करवाक चाही । ग्रहण बेला में भोजन नहि करवाक चाही । चन्द्रग्रहण हो त सूर्यग्रहण मोक्ष भेलाक बाद स्नानोपरान्त भोजन करवाक चाही ।**

मुक्तयोः द्विवचनक तात्पर्य चन्द्र एवं सूर्यग्रहणक मुक्ति सों अछि मध्यरात्रिक बाद ग्रहण लागला पर दिन में भोजन कयने कोनो दोष नहि ।

मुदा श्राद्धादि करनिहार के भोजन जन्य अशौच तऽ हयवे करतन्हि एकर उल्लेख व्रत पद्धति में अछि । तांय श्राद्धकर्ता लोकनि के ओहन चन्द्रग्रहण में दिनुको भोजन नहि करवाक चाही । ई तात्पर्य अछि । 'मुक्ते शशिनिभुञ्जीत' अहि वचन से ग्रहण छुटलाक बाद भोजन करवाक चाही । ओकरो में यदि कोनो विशेष कारणवश ग्रहणक मोक्ष नहि देखाय पड़य तऽ मुक्तिक समयक अनुमान कय भोजन करवाक चाही । जेना—

मेघ समूहक कारणे यदि मोक्ष कालक प्रतीति नहि होय तऽ मुक्ति कालक सत्याकलन कय शङ्का रहित भय भोजन करवाक चाही ।

स्मृतिक वचन अछि—रविक दिन यदि सूर्यग्रहण होय तथा सोमक दिन चन्द्रग्रहण तऽ चूड़ामणि योग कहवैत अछि । अहि योगक अनन्त फल कहलगेल अछि । चन्द्र ग्रहणक लाख गुन फल अछि तथा सूर्यग्रहणक दश गुना अधिक फल कहलगेल अछि । गङ्गातीर भेंटला उत्तर चन्द्रग्रहणक कोटिगुना एवं सूर्यग्रहण दशगुणा अधिकफल होयत अछि ।

व्यवहाररत्नावली में ग्रहणादिक फल निम्न प्रकारेण कहलगेल अछि—कृत्तिका, भरणी, पुष्य, पूर्वभाद्र तथा मघा, विशाखा, पूर्व फाल्गुनी नक्षत्र में लागल ग्रहण के आग्नेय मण्डल कहल जायत अछि । अहि नक्षत्रक योगे यदि भूकम्प होय, चन्द्र अथवा सूर्य ग्रहण होय तऽ पवनक प्रचण्ड झोंके आकाश सनसनाय, उल्का एवं वज्र खशय, केतुक दर्शन होय, जंगल जरिकय खाक भऽ जाय, घर नगर विनष्ट भऽ जाय सूर्यक उष्मा अत्यन्त तीव्र होय, अखिल संसारक शरीर रोग एवं पित्तज्वरादि सँ पीड़ित भऽ जाय ।

स्वाती, हस्त, अश्विनी, चित्रा, मृगशिरा, पुनर्वसू तथा उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र में लागल ग्रहण वायव्य मण्डलक नामे ख्यात छथि । नगरक रक्षाकलेल चतुर्दिक् बनावेल सुदृढ परकोटा, अट्टालिका, सड़क कानक विशाल गूलर वट एवं पिपरक पेड़ घर—आंगनक स्थूल वृक्ष, नगर—द्वार तथा विशाल पहाड़, तीव्र वेग सँ बहैत हवाक झोंक में जड़ि सँ उखरि धाराशायी भऽ जाय । नारी एवं गायक गर्भपात होय, तत्पश्चात् अन्नक ऊपज घटि जाय, अकाल होय, लोक जीवन दुःखी होय एवं भयङ्कर रोग सँ पीड़ित होय ।

चैत्यक अर्थ अछि ग्रामोपलक्षकवृक्ष, पृथुक अर्थ स्थूल, गोपुरक बहिर्द्वार एवं जवक अर्थ वेग होयत अछि ।

ज्येष्ठा, अनुराधा, रोहिणी, श्रवणा, अभिजित्, उत्तरा, धनिष्ठा नक्षत्रक ग्रहण माहेन्द्र मण्डलक नामे ख्यात अछि । अहि ग्रहणक प्रभाव में लोक नित्य प्रमोदी होय, मन सँ विनम्र होय, शारीरिक रोग समटा नष्ट भऽ जाय, दान एवं भोगक प्रति लोकक अभिरुचि होय, सभ तरहक गुणक उपलब्धि होय, सभ तरहक कष्ट से मुक्ति भेंटय, सुन्दर यशक विस्तार होय, तीनों भुवन में धर्मक वृद्धि होय, राजकोष भरल रहय, लक्ष्मी सहित, जनपदक संग राजाक वृद्धि होय।

शतभिषा, उत्तर भाद्र, पूर्वाषाढ, रेवती, आर्द्रा, मूल तथा श्लेषा नक्षत्रक ग्रहण वारुण मण्डल कहवैत अछि । अहि मण्डलक प्रभाव सँ मेघ सदिखन गर्जय, पानि सँ मेघ लटकल रहय, गाय दूधारू होय, अन्न सँऽ धरती भरल रहय, जीवजन्तु सर्वदा ज्वरभय सँ रहित भऽ जाय ।

विमर्श:—गर्जन्ते वारिवाहेत्यादि श्लोकोयमत्रापूर्णोऽस्ति किञ्चिदन्यादृशोऽयमेवाद्‌भुत सागरात् कृत्यशिरोमणेश्चोद्‌धृत्य पूर्णो विलिख्यते—

गर्जन्ते वारिवाहा जलभरनमिता: पूर्यमाणा: क्षणेन
क्रीडन्ते मीन हस्त: पयसिजनपदा: हर्षिण: कामभाज: ।
वृक्षा: पुष्पै: समेता: फलभरनमिता: क्षीरवत्यश्च गाव:
सस्यै: पूर्णाधरित्री सुखभरनमिता जन्तव: सर्व्वदैव ।।

कृत्यशिरोमणिधृत राजमार्त्तण्डवचने—

सप्ताष्टजन्मशेषेषु चतुर्थे दशमे तथा ।
नवमे च तथा चन्द्रे न कुर्याद्राहुदर्शनम् ।।

अथ मलमासविचार:

स च शुक्लप्रतिपदादि: । तथा हि—

'इन्द्राग्नी यत्र हूयेते मासादि: स प्रकीर्तित: ।
अग्नीषोमौ स्मृतौ मध्ये समाप्तौ पितृसोमकौ ।।'

अस्यार्थ:—इन्द्राग्नियाग: शुक्लप्रतिपदादि: स मासादि: । अग्नीषोमयोर्याग: पूर्णिमायाम्, सा मध्यं पितृसोमयोर्याग: पूर्णिमायाममावास्यां स मासान्त इति । ज्योतिषे—

'गतेऽब्दद्वितये सार्द्धे पञ्चपक्षे दिनत्रये ।
दिवसस्याष्टमे भागे पतत्येकोऽधिमासक: ।।'

तथा च द्वात्रिंशन्मासमष्टादशदिनं चातीत्य मलमासो भवतीति पर्यवसितम् । 'चैत्रादय: सप्त सदाधिमासा:' इति वचनात् चैत्रादिसप्तमासेष्वेव मलमास इति केचित् । इदमुपलक्षणम्, कार्तिकादिमासस्यापि मलमासत्त्वस्योक्तत्वात् । तथा हि ज्योतिषे—

'दशानां फाल्गुनादीनां प्रायो माघस्य च क्वचित् ।
नपुंसकत्वं भवति न तु पौषस्य तु क्वचित् ।।'

नपुंसकत्वं मलमासत्त्वम् ।।

कदाचित् कार्तिकादिमासत्रये संक्रान्तिद्वययुक्त: शुक्लादिचान्द्र: क्षयाख्यो भवति । तत्क्षयाख्यपूर्वं परतश्च मलमासप्रसक्तिर्भवति । तथा हि ज्योतिषे—

'असंक्रान्तिमासोऽधिमास: स्फुट: स्याद्
द्विसंक्रान्तिमास: क्षयाख्य: कदाचित् ।
क्षय: कार्तिकादित्रये नान्यत: स्यात्
तदा वर्षमध्येऽधिमासद्वयं स्यात् ।।' इति ।

क्षयाख्यः क्षयनामकः न तु वस्तुगत्या लुप्तमासः । अत एव मासयोः सङ्कर एव क्षयो न कस्यापि लोप इति मासमीमांसायां गोकुलनाथोपाध्यायाः । तथा च यत्र कार्तिके क्षयाख्यः तत्र कार्तिककृष्णमार्गशुक्लपक्षयोरविकृतत्त्वमेव, कार्तिकशुक्लमार्गकृष्णपक्षयोः क्षयकार्तिकशुक्लक्षयमार्गकृष्णत्वेनाभिधानमात्रं न तु शुक्लादिकार्त्तिकलोपः । एवं मार्गादावपि ज्ञेयमिति भावः । न च मासालोपे मलमासद्वयप्रसक्तौ च सत्यां सम्वत्सरस्य चतुर्दशमासात्मकत्वापत्तिरिष्टापत्तौ । 'द्वादशमासाः सम्वत्सरस्त्रयोदशमासाः सम्वत्सरः' इति श्रुतेः । 'त्रयोदशं तु श्रुतिराह मासश्चतुर्दशः क्वापि न चास्ति दृष्टः' इति भीमपराक्रमधृतस्मृतेश्च विरोध आपद्येत इति वाच्यम् । मलमासद्वयप्रसक्तिसत्वेऽपि—

एकस्मिन्नप्यब्दे यत्रैतन्नक्षयमासयोरुभयोः ।
तत्रोत्तरोऽधिमासः स्फुटगत्या भवति चार्केन्द्वोः ।।

एकत्र मासद्वितयं यदि स्याद्वर्षेऽधिकं तत्र परोऽधिमासः ।

मासद्वयस्य मध्ये तु संक्रान्तिर्न यदा भवेत् ।
प्रकृतस्तत्र पूर्वः स्यादुत्तरस्तु मलिम्लुचः ।।'

इत्यादि भीमपराक्रमहेमाद्रिकृत्यमहार्णवद्वैतपरिशिष्टदैवज्ञबान्धवादिग्रन्थधृतार्षविशेषवचनेभ्यः क्षयाख्यामासोत्तरयथोक्तलक्षणवतो मासस्यैव मलमासत्वे क्षयाख्यपूर्वमासस्य च प्रकृतत्वे सिद्धे क्षयाख्यपूर्वमासस्य मलमासत्व प्रतिषेधात् । एतल्लक्ष्म असंक्रान्तत्त्वरूपमलमासचिन्हम् उत्तरः क्षयाख्योत्तरः । एकत्रेति वर्षे इत्यन्वयि मासद्वितयमिति, अधिकमित्यन्वयः तथा च क्षयाख्यपूर्वस्य न मलमासता । किन्तु क्षयाख्योत्तरमासस्यैवेति भावः । मैथिलव्यवहारोऽप्येवमेवेति ।

अत्र यदाऽनेकमासानां यथोक्तमलमासलक्षणं तदा पूर्वमासानां मलमासता तावन्नास्ति, किन्तु चरमस्यैव यथोक्तलक्षणवत् इति । क्षयमासः कर्मार्ह एव अपवादकाभावात् इति च कृत्यमहार्णवे वाचस्पतिमिश्राः प्राहुरिति न किञ्चिदनुपपन्नम् ।

हिन्दी—शुक्ल पक्ष की परिवा से मलमास प्रारम्भ होता है । उदाहरणार्थ—मलमास शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ होकर अमावस्या को समाप्त हो जाता है । पूर्णिमा इसके बीच में होती है ।

इसका अर्थ है—इन्द्राग्नीयोगः = यह यज्ञ शुक्ल प्रतिपदा के दिन होता है । अतः इसी परिवा से मलमास प्रारम्भ होता है । अग्नीषोमयोर्यागः = यह यज्ञ पूर्णिमा तिथि में होता है । अतः पूर्णिमा मलमास के बीच में पड़ती है ।

पितृसोमयाग—यह यज्ञ अमावास्या तिथि में होता है और यही तिथि मलमास की अन्तिम तिथि है ।

ज्योतिष में—ढाई वर्ष, पाँच पखवार, तीन दिन और एक दिन का आठवाँ भाग बीत जाने पर ही अधिमास होता है । और इस तरह बत्तीस महीने, अट्ठारह दिन बीत जाने पर मलमास होता है, यह निर्धारित किया गया है । 'चैत्रादय: सप्तसदाधिमास:' इस वचन के अनुसार कुछ लोगों के विचार में चैत्रादि सात महीनों पर ही मलमास होता है । किन्तु, यह वचन तो उपलक्षण मात्र है । क्योंकि, कार्त्तिकादि मास का भी मलमास कहा गया है ।

उदाहरणस्वरूप ज्योतिष में—फाल्गुन से लेकर दश महीने का अर्थात् अग्रहण तक का मलमास तो होता ही है । कहीं कहीं माघ महीने का भी उल्लेख मिलता है । किन्तु, पूस महीने में कभी मलमास नहीं होता है ।

नपुंसकत्व का यहाँ अर्थ मलमासत्त्व—कभी कभी कार्त्तिकादि तीन महीने में दो संक्रान्ति युक्त शुक्लादि से चान्द्रमास होता है । उस क्षयनामक महीने से पहले और बाद में मलमास का संयोग होता है । तात्पर्य यह है कि वर्ष में क्षय मास से पूर्व और पश्चात् दो अधिमास अवश्य होते है । अर्थात् ८ वृश्चिकस्थ संक्रान्ति तक ९ दर्शान्त होने से चान्द्र मास का अधिकत्व सिद्ध होता है । फिर आगे धेनुस्थ सूर्य में दर्शान्त नहीं होने से 'मेषादिस्थ सवितरि' इत्यादि लक्षण से तत्सम्बन्धी मार्गशीर्ष संज्ञा का लोप तथा मकरस्थ सूर्य में दर्शान्त हो जाने से उसका नाम पौष हो जाता है । एक वर्ष के भीतर संक्रान्ति और दर्शान्त की संख्या समतुल हो जाती है । अत: पहले के असंक्रान्ति मास का अधिकत्व (मलत्व) नष्ट हो जाता है । फिर आगे कुंभस्थ सूर्य तक संक्रान्ति और दर्शान्त की संख्या बराबर बनी रही । फिर मीनस्थ सूर्य में दो दर्शान्त हो जाने से चान्द्रमास की संख्या बढ जाती है । इस तरह क्षय मास होने से एक साल के भीतर दो अधिमास का होना निश्चित है । अत: भास्कराचार्य का यह उदाहरण इस सन्दर्भ में द्रष्टव्य है ।

'असंक्रान्ति मासोऽधिमास: स्फुट: स्यात् ।
द्विसंक्रान्तिमास: क्षयाख्यकदाचित् ।।
क्षय: कार्त्तिकादित्रये नान्यत: स्यात् ।
तदावर्ष मध्येऽधिमासं द्वयं स्यात् ।।'

असंक्रान्ति मास ही अधिमास होता है, यह तो स्पष्ट ही है और संक्रान्ति से युक्त महीने क्षयाख्य होते हैं । क्षयमास कार्त्तिकादि तीन महीने में ही होते हैं अन्यत्र नहीं, तब एक वर्ष के भीतर दो अधिमास होते हैं ।

क्षयाख्य का अर्थ होता है, क्षय नामका, न कि क्षय का अर्थ शब्द गत्या लुप्त महीना होता है । अतएव दो महीने का सम्मिश्रण ही क्षय है न कि किसी का लोप' यह मासमीमांसा में गोकुलनाथ उपाध्याय ने लिखा है और इसी प्रकार मनीषिमान्य गोकुल उपाध्याय ने अपनी मांसमीमांसा में और स्पष्ट करते हुए लिखा है—

'क्षयमास में दो मास मिलकर, एक ही मास (३० ही तिथि) में बीतते हैं । अपचय होने से 'क्षय' संज्ञा होती है । अथवा—दो में एक का नाम लोप हो जाने से क्षय या लुप्त संज्ञा होती है । ऊपर दर्शित उदाहरण में एक ही मास में धनु और मकर की संक्रान्ति होने से मार्गशीर्ष और पौष के लक्षण होने के कारण, दोनों संज्ञा की प्राप्ति तो हुई किन्तु, धनुस्थ सूर्य में मास पूर्त्ति अमान्त नहीं होने से मार्गशीर्ष संज्ञा का लोप होकर मकरस्थ सूर्य में अमान्य होने से पौष नाम पड़ा ।'

और इस प्रकार जहाँ कार्त्तिक मास में क्षयाख्य होता है, वहाँ कार्त्तिक कृष्ण और मार्गशुक्ल पक्ष में मुख्यत: रविकृतत्त्व ही है, (तात्पर्य यह है कि चान्द्र और सौर मासों का अन्तर ही अधिमास होता हे । अत: एक सौर वर्ष में सौर और चान्द्रमास का अन्तर सावयव ११ तिथि तुल्य होता है । अत: मध्यममान से एक अधिमास के बाद लगभग ३२ महीने १५ दिनों पर पुन: अधिमास होने की संभावना रहती है । अत: विभिन्न आचार्यो ने ३० महीने से ३४ महीने तक अधिमास होने की संभावना कही है ।) कार्त्तिक शुक्ल और मार्गशीर्ष के कृष्णपक्ष का क्षय कार्त्तिक शुक्ल का क्षय मार्गकृष्ण के साथ केवल कहने भर के लिए ही है । न कि शुक्लादि से कार्त्तिक के लोप का अर्थ है । इसी तरह अग्रहणादि में जानना चाहिए । अगर मास के अलोप की स्थिति में दो मलमास की संलग्नता होने पर चौदह महीने का वर्ष होने की आपत्ति होगी, तो कहते हैं यह तो चाही हुई बात ही होगी—इसमें कोई हर्ज नहीं है । क्योंकि, 'द्वादश मासा: संतसरस्त्रयोदशमासा: संवत्सर' इति श्रुते: । अर्थात् बारह महीने का वर्ष, तेरह महीने का वर्ष तो श्रुति का ही वचन है। यह तो ठीक है किन्तु, भीम पराक्रम में जो स्मृति का वचन है—'तेरह महीने का वर्ष तो श्रुति में कहा गया है पर चौदह महीने का वर्ष तो कही भी नहीं देखा गया है' ऐसा विरोध होगा तो कहते हैं दो मलमास की प्रसक्ति होने पर भी—

एक ही महीने में जहाँ इन दो महीने के चिन्ह प्रतीत हो वहाँ सूर्य और चन्द्र के उच्चस्थान स्फुटगति से बाद वाला अधिमास होता है । अधिक अर्थात् दो महीने यदि एक साथ हो तो दूसरा महीना अधिमास कहलाता है । दो

महीने के बीच में यदि संक्रान्ति न हो तो पहला प्रकृत होता है और दूसरा मलिम्लुच होता है । कहने का तात्पर्य यह है कि जिस वर्ष में क्षयमास होता है, उस वर्ष में क्षयमास से पूर्व अधिमास का नाम 'संसर्प' क्षय मास का नाम 'अंहस्पति' तथा अग्रिम अधिमास का नाम 'मलिम्लुच' कहा गया है ।

इत्यादि, भीमपराक्रम, हेमाद्रि, कृत्यमहार्णव, द्वैतपरिशिष्ट, दैवज्ञबान्धव आदि ग्रन्थों में उद्धृत विशेष वचनों से क्षयाख्य महीने के बाद यथोक्त लक्षण वाले महीने का ही मलमासत्त्व होने पर क्षय नामक पूर्व महीने का ही प्रकृतत्त्व सिद्ध होने पर क्षय नामक पूर्व महीने का मलमासत्त्व का विरुद्ध कथन होगा । इसका चिन्ह असंक्रातत्त्वरूप मलमास के चिन्होत्तर क्षयाख्य के बाद होगा। और इसी प्रकार क्षयाख्य महीने के पूर्व महीने की मलमासता न होकर, उत्तर मास की मलमासता ही सिद्ध होगी यही भाव है । मैथिलों का व्यवहार भी ऐसा ही है । यहाँ यदि अनेक महीनों का ऊपर कहे गये मलमास के लक्षण हो तो पहले के महीनों की मलमासता सिद्ध नहीं होगी, किन्तु, अन्तिम लक्षण का ही सिद्ध होगी । अपवाद के अभाव में क्षयमास कर्म करने के योग्य होता है, यह कृत्यमहार्णव में वाचस्पति मिश्र ने कहा है, इसमें कुछ भी अनुपपन्न नहीं है ।

मैथिली—आव मलमासक विचार करैत छी ।

शुक्लपक्षक परिवा सँ मलमासक प्रारम्भ होयत अछि । उदाहरणार्थ जेना—

शुक्ल प्रतिपदा सँ मलमास प्रारम्भ होयत अछि । आगुक अमावास्या में मलमास समाप्त भऽ जायत छैक । एकर मध्य में मासक पूर्णिमा होयत छैक ।

ऊपर लिखल श्लोकक अर्थ होयत छैक—इन्द्राग्नीयागः = शुक्ल पक्षक परिव पहिल दिन होयत छैक, सेहऽ मासादि भेल । अग्नीषोमयो योगः = ई पूर्णिमाक दिन होयत छैक । ई मलमासक मध्य में पड़ैत छैक । अमावास्या में मासान्त भऽ जायत छैक ।

ज्यौतिषक अनुसार—दुहूवर्ष छः मास पांच पक्ष तीन दिन एवं एक दिनक आठमभाग बीतला उत्तरे अधिमास होयत छैक ।

एवं अहिना—वत्तीस मास, अट्ठारह दिन बितला उत्तर मलमास होयत छैक । ई निर्धारित कयल गेल अछि । 'चैत्रादयः सप्त सदाऽधिमासाः' अहिवचनक अनुसार—

चैत आदि सात मास वितला पर कुछ लोकनिक विचार में मलमास होयत छैक । ई कथन मात्र उपलक्षण अछि । अर्थात् सम्पूर्ण तथ्यक आंशिक कथन धरि अछि । एनातऽ कार्त्तिकादि मासोक मलमासत्त्व कहलगेल अछि ।

अहीलेल ज्योतिषं में कलगेल अछि—फागुन सँ लऽके दशमास धरि अर्थात् फाल्गुन सँ अग्रहण धरि तऽ मलमास होयते छैक, कतौ माघ मासक सेहो उल्लेख भेटैत छैक मुदा पूसक उल्लेख कतौ नहि छैक । नपुंसकत्वक अर्थ अहिठाम मलमास होयत छैक ।

कोनो समय कार्त्तिकादि मासत्रय में दुई सक्रान्ति युक्त शुक्लादि सँ चान्द्रमास होयत छैक, एकरे क्षयमास कहल जायत अछि । ताहि क्षय मासक पूर्व एवं पश्चात् मलमासक संयोग होयत छैक ।

उदाहरण स्वरूप ज्योतिष में—'धनुस्थ सूर्य में दर्शान्त नहि भेने मेषादिस्थे सवितरि' इत्यादि लक्षण सँ तत्सम्बन्धी मार्गशीर्ष 'संज्ञाक लोप' तथा मकरस्थ सूर्य में दर्शान्त भऽ गेले ओकरनाम 'पौष' भऽ गेल । तथा वर्षाभ्यन्तर में संक्रान्ति' एवं दर्शान्त संख्यातुल्य भऽ जायत अछि । मीनस्थ सूर्य में २ दर्शान्त भऽ गेला सँ चान्द्रमासक संख्या अधिक भऽ जायत अछि । एवं क्षयमास भेला सँ वर्षाभ्यन्तर में दुई अधिमास होयत अछि । ई ज्योतिषक अकाट्य सिद्धान्त अछि ।'

ताँय भास्कराचार्यक कथन अछि—असंक्रान्ति अर्थात् असंक्रान्ति मास स्पष्टत: यदि 'अधिमास' होय, तखन, दुइ संक्रान्ति मास क्षयमास कहवैत अछि । कार्त्तिकादि तीने मास में क्षयमास होयत अछि अन्यत्र नहि । एहन स्थिति में वर्षक मध्य में दुई अधिमास होयत अछि ।

क्षयाख्य: अर्थात् क्षय नामक होयत अछि, क्षय शब्दक वस्तुगत्या लुप्तमास अर्थ नहि होयत अछि । अतएव मासद्वयक सम्मिश्रणे 'क्षय' कहवैत अछि । एकरा में कोनो मासकलोप नहि होयत छैक ई मासमीमांसा में गोकुलनाथ उपाध्यायक कथन छैन्हि । एवं अहिना जाहिठाम कार्त्तिक मास में स्फुट मानसँ क्षयाख्य चान्द्रमास होय ताहिठाम कार्त्तिक कृष्ण एवं मार्ग शुक्ल पक्षक रविकृतत्त्वे बुझवाक चाही कार्त्तिक शुक्ल एवं मार्ग कृष्णपक्षक क्षय, कार्त्तिक शुक्ल पक्षक क्षय मार्ग कृष्णत्वेन नाम मात्रेक होयत अछि नकि शुक्लादि कार्त्तिकक लोप होयत अछि । अहिना मार्गादि मासो में बुझवाक चाही । यदि ई कहल जाय कि मासक लोप नहि भेने मलमासद्वयक प्रसक्ति भेने बारह मासक स्थाने चौदह मासक वर्ष भऽ जायत ई अनिष्ट प्रसङ्गक उपस्थिति भऽ जायत, ताँय कि ई तऽ वाँछिते प्रसङ्ग हैत, कियेक तऽ श्रुतिक वचन छैक—'बारह मासक साल, तेरह मासक साल' । ई त भेल मुदा भीम पराक्रम धृत स्मृति वचनक विरोध उपस्थित हैत । 'तेरह मासक उल्लेख तऽ श्रुति में अछि किन्तु, चौदह मासक प्रसङ्ग तऽ कतहुनहिं देखलगेल अछि । तथा मलमासद्वयक प्रसक्ति भेलो उत्तर—

जाहिठाम वर्षाभ्यन्तरे में दुहू मासक चिन्ह प्रकट होय, ताहिठाम उत्तरवर्त्ती मास चन्द्र एवं सूर्यक स्फुटगति सँ अधिमास होयत अछि । यदि वर्षाभ्यन्तरे में एक स्थान पर दुई मासक साङ्कर्य होय तऽ परवर्त्ती अधिमास होयत अछि । दुई

मासक मध्य में यदि संक्रान्ति नहिं होय तऽ ताहि स्थिति में पूर्ववर्त्ती मास वास्तविक मास भेल एवं परवर्त्ती मास मलमास होयत अछि ।

इत्यादि भीम पराक्रम, हेमाद्रि, कृत्यमहार्णव, द्वैतपरिशिष्ट, दैवज्ञबान्धव प्रभृति ग्रन्थधृत आर्ष विशेष वचन सँ क्षय नामक मासक उत्तरवर्त्ती यथोक्त लक्षणवान् मासे मलमास होयत अछि । क्षय मासक पूर्ववर्त्ती मासक वास्तविकता सिद्ध भेला उत्तर, क्षयाख्य मास सॅ पूर्ववर्त्ती मासक मलमासक प्रतिषेध भऽ जायत । ई चिन्ह असंक्रान्तत्त्वरूप मलमासक चिन्ह उत्तरवर्त्तीक्षय मासक उत्तर सिद्ध होयत अछि । एकत्रक वर्ष साथ अन्वय भेला उत्तर मास द्वितयक अन्वय अधिमासकलेल प्रासङ्गिक होयत अछि । अहीलेल क्षयमासक पूर्व मलमासत्त्व सिद्ध नहि भऽ सकैऽछ । मैथिल समाजक व्यवहारो एतवहि देखल जायत अछि । अहिठाम जखन अनेक मासक यथोक्त मलमासक लक्षण भेंटय तखन पूर्वमासक मलमासता तावत्काल धरि संभव नहि अछि । किन्तु, यथोक्त लक्षण बाह्य उत्तरवर्त्ती मासे में मलमासताक प्रसंग सिद्ध होयत अछि । अपवादक अभाव सँ क्षयमास कर्मयोग्य मानलगेल अछि । ई कृत्यमहार्णव में वाचस्पति मिश्र कहने छथि, एकरवाद किछु अनुपपन्न नहि वॉचल ।

विमर्श:—अस्मिन्विषये निर्णयसिन्धौ यथा—'तत्रैकमात्रसंक्रान्तिरहित: सितादिश्चान्द्रो मास: मलमास: । एकमात्र संक्रान्तिराहित्यमसंक्रान्तित्वेन संक्रान्ति द्वय सत्त्वेन च भवति । मलमासो द्विधा—अधिमास: क्षयमासश्चेति ।'

तदुक्तं काठकगृह्ये— यस्मिन् मासे न संक्रान्ति: संक्रान्ति द्वयमेव वा ।
मलमास: स विज्ञेयो मासस्यात्तु त्रयोदशै: ।।

सत्यव्रतोऽपि— 'राशिद्वयं यत्र मासे संक्रमेत दिवाकर: ।
नाधिमासोभवेदेष मलमासस्तु केवल ।।' इति ।

अधिमासस्य कालनियममाह वशिष्ठ:—

द्वात्रिंशद्भिर्मितैर्मासै दिनै: षोडशभिस्तथा ।
घटिकानां चतुष्केण पतत्यधिकमासक: ।। इति ।

एतच्च सावनादिमानेन सम्भवार्थं, न तु नियमार्थम्, अन्यथा षोडश दिनाधिक द्वात्रिंशन्मासानन्तरं कृष्णपक्षनियमेन शुक्लादित्वभङ्गापत्ते: । तेन न्यूनाधिककाले मलमास पातेऽपि न दोष: । अत एवोक्तं माधवीये—'मासे त्रिंशत्तमे भवेत्' ।

अत्रैव क्षयाख्यप्रसङ्गे कृष्णमोहनठक्कुरेण निगदितम्—'यद्याऽमान्त: द्वयान्त: संक्रान्तिद्वयं भवेत्, तदा शुक्लादिक: क्षयाख्यश्चान्द्रमास: स्फुट: मानेन भवति । तथा चोक्तं भास्कराचार्यै:—

'द्विसंक्रान्तिमास: क्षयाख्य: कदाचित्' । एवमेवोक्तं स्मृतौ—

आद्यन्त दर्शयोर्मध्ये भानोरेवतयोर्यदि ।
संक्रान्ति द्वितयं स्यान्न्यूनमास: स उच्यते ।।

यथा मार्गशीर्षामावास्यामुल्लङ्घ्य धनु:संक्रान्तिस्ततोऽग्रिमान्तात् प्रागेव मकरसंक्रान्तिरभूत्तत्र 'मेषादिस्थे सवितरि यो यो मास: प्रपूर्यते चान्द्र: । चैत्राद्य: सज्ञेय: । इति शुक्लादि चान्द्रमास लक्षयो न मार्गशीर्षाभावस्यावसाने वृश्चिकार्कत्वान्मार्गमासा-पूर्त्तिर्जाता । तथाग्रिमावुभावामावास्यान्तरे मकरार्कत्वान्माघमासपूर्त्तिर्जाता । तत्र धनूराशि स्थितेऽर्केऽमान्तपतनाभावात् पृथक् पौषमासस्यसानवकाशात् पूर्त्तिमासगणनया मार्गानन्तरं माघस्य प्राप्त्या पौषस्य क्षय: । वस्तुतस्तु तत्र माघे एव पौषस्याऽपि प्रविष्टत्वादेकस्मिन्नेव तस्मिन्क्षयाख्ये मासे तिथि पूर्वार्द्ध परार्द्धविभागवशेन पूर्वापरौ मासौ भवतस्तथा चोक्तं मुहूर्त्तचिन्तामणौ—'क्षयमासकस्तुद्विसंक्रमस्तत्र विभागयोस्तस्तिथेर्हि मासौ प्रथमान्त संज्ञौ। तत्रैव तट्टीका पीयूषधारायाम्—

'तिथ्यर्धे प्रथमे पूर्वोऽरस्मिन्नपरस्तथा ।
मासाविति बुधैर्चिन्त्यौ क्षयमासस्यमध्यो: ।।'

तत्र क्षयमासे कस्याऽपि तिथे: सम्पूर्णमानं प्रसाध्य, तत्पूर्वार्द्धम्, पूर्वमासस्य तत्परार्धमग्रिममासस्यापि तिथिर्भवति ।' अस्मिन्नेव प्रसङ्गे ठक्कुरेणैव पुनराह—'तत्र धनुष: पूर्वापरयोर्वृश्चिकमकरयोरेव विशेषसंभवात् तुलायास्तदपेक्षया दूरगत्वात दूरगतत्त्वेऽपि तुलावत्कुम्भस्यापि, अन्तरित्वात् कार्त्तिकत्वतुष्टये, एवं तदोचित: पाठ: संभवेन्नकार्त्तिका-दित्रये । अयं मासनियमस्तु रव्युच्चं द्वन्द्वाष्टदशांशे स्थिरं मत्वाऽऽचार्यैरुक्तस्तद्गते-श्चिरकालेनाप्यनुपलम्भात् । वस्तुतस्तु बहुभिर्वर्षसहस्रैरन्तरं पतत्येवातो—भास्कराचार्य-माक्षिपन् कमलाकर आह—

इदानीन्तनार्थं न शास्त्रं प्रवृत्तं न सत्कार्त्तिकादित्रयोत्थं तदुक्तम् ।
अतोऽयं क्षय: सर्वचान्द्रेष्वपीत्थं न जानन्ति सद्वासनाज्ञानशून्या: ।
सुयुक्ता न मुन्युक्तिरप्यत्र शास्त्रे भवेत् कार्यवर्यस्य या दृग्विरुद्धा ।। इति ।'

अथ मलमासे कर्तव्याऽकर्तव्ये । तत्र बृहस्पति:—

'नित्यनैमित्तिके कुर्यात्प्रयत: सन्मलिम्लुचे ।
तीर्थस्नानं गजच्छायां प्रेतस्नानं तथैव च ।।
गर्भे वार्धुषिकृत्ये च मृतानां पिण्डकर्मसु ।
सपिण्डीकरणे चैव नाधिमासं विदुर्बुधा: ।।'

नित्यं सन्ध्यावन्दनादि, नैमित्तिकं ग्रहणशान्त्यादिनिमित्तकस्नानादितीर्थ-स्नानं द्वितीयाद्यावृत्ति, प्रथमावृत्तिस्नानाकरणस्याग्रेऽनुपदमेव वक्ष्यमाणत्वात्। गजच्छायेति तन्निमित्तकश्राद्धमित्यर्थ: । प्रेतस्नानं मरणनिमित्तकस्नानम् । गर्भे गर्भाधाननिमित्तककर्मणि । वार्धुषिककृत्ये ऋणादौ, मृतानां पिण्डकर्मसु पूरकादिपिण्डेषु एकादशाहश्राद्धादौ च नाधिमासं विदुरिति । प्रतिरोधकमित्यादि तथा चैतत्सर्वं मलमासेऽपि कर्तव्यमिति भाव: । बृहस्पति:—

'मलिम्लुचे त्वनावृत्तं तीर्थस्नानमपि त्यजेत् ।'

अनावृत्तं प्रथमावृत्तिः । ज्योतिषे—

'अग्न्याधेयं प्रतिष्ठां च यज्ञदानव्रतानि च ।
देवव्रतवृषोत्सर्गचूडाकरणमेखलाः ॥
माङ्गल्यमभिषेकं च मलमासे विवर्जयेत् ।
त्यजेद्दानं महादानं व्रतं देवविलोकनम् ॥
वापीकूपतडागादिप्रतिष्ठा यज्ञकर्म च ॥'

प्रतिष्ठा उद्यापनं शिवादि प्रतिष्ठा वा । मेखला उपनयनं, महादानं तुलापुरुषादिदानम् । स्मृतिः—

'सपिण्डीकरणादूर्ध्वं यत्किञ्चिच्छ्राद्धिकं भवेत् ।
इष्टं वाप्यथवा पूर्तं तन्न कुर्यान्मलिम्लुचे ॥'

श्राद्धिकं श्राद्धम् । इष्टं पूर्तं चाह रत्नाकरे जातूकर्णः—

'अग्निहोत्रं तपः सत्यं वेदानां चानुपालनम् ।
आतिथ्यं वैश्वदेवश्च इष्टमित्यभिधीयते ॥
वापीकूपतडागादि देवतायतनानि च ।
अन्नप्रदानमारामाः पूर्तमित्यभिधीयते ॥'

मरणदिनमारभ्य एकादशमासिककालाभ्यन्तरे यदि मलमासस्तदा मासिकमेकं वर्द्धयेत्—तथा हि विष्णुसूत्रम् । 'सम्वत्सराभ्यन्तरे यद्यधिमासपातो भवति तदा मासिकार्थं दिनमेकं वर्द्धयेत्' इति सम्वत्सराभ्यन्तरे एकादशमासिककालाभ्यन्तरे एकादशमासिककालश्च एकादशमासपूर्तिदिनाव्यवहितोत्तरक्षयाहतिथिः । तथा च तदभ्यन्तरे मलमासपाते सप्तदशश्राद्धसङ्कल्पः। त्रयोदशे मासि पूर्णे क्षयाहे वार्षिकमिति तात्पर्यम् । अत्र सम्वत्सरशब्द एकादशमासपरः ऋष्यशृङ्गवचनैकवाक्यताबलादिति द्वैतनिर्णयः।

मरणदिनमारभ्य द्वादशमासस्य मलमासत्त्वेन मासिकवृद्धिः तेन मलमास एव क्षयाहे प्रथमवार्षिकम् । तथा च ज्योतिषे—

'जातकर्मणि यच्छ्राद्धं नवश्राद्धं तथैव च ।
प्रतिसम्वत्सरश्राद्धं मलमासेऽपि तत्स्मृतम् ॥' इति

नवश्राद्धं चतुर्थपञ्चमनवमैकादशदिनश्राद्धं, प्रतिसम्वत्सरश्राद्धं प्रथमवार्षिकम् । स्मृतिः—'असंक्रान्तेऽपि कर्तव्यमाब्दिकं प्रथमं बुधैः ।'

असंक्रान्ते संक्रान्तिशून्ये मलमास इति यावत् । लघुहारीतः ।

'प्रत्यब्दं द्वादशे मासि कार्या पिण्डक्रिया बुधैः ।
कचित्त्रयोदशेऽपि स्यादाद्यं मुक्त्वा तु वत्सरम् ॥

प्रत्यब्दं प्रतिवर्षं, पिण्डक्रिया साम्वत्सरिकं क्वचित् एकादशमासिककालाभ्यन्तरे मलमासपाते, 'आद्यं मुक्त्वा तु तत्सरमिति'

मरणदिनमारभ्य द्वादशमासस्य मलमासत्त्वे मलमास एव द्वादशे मासि क्षयाहे प्रथमवार्षिकमिति तात्पर्यम् । न चैवं सति आश्विनकृष्णामावास्यायां मृतस्याग्रिमभाद्रस्य मलमासत्त्वे द्वितीयभाद्रकृष्णामावास्यायामेवोक्तरीत्या प्रथमवार्षिकं तस्याश्विनत्वाभावात् । भाद्रोल्लेखादाश्विनोल्लेखासङ्गतिरिति भ्रमितव्यम् । शुक्लादिरीत्या मरणतिथेः कृष्णादिरीत्या मलमासीयामावास्याया भाद्रीयामावास्यात्वात् न भाद्रोल्लेखासङ्गतिरिति । आश्विनशुक्लप्रतिपन्मृतस्याग्रिमभाद्रस्य मलमासत्त्वे तु एकादशमासिककालाभ्यन्तरे मलमासपातात्तत्र मासिकवृद्ध्यावश्यकत्वादग्रे आश्विनशुक्लप्रतिपद्येव प्रथमवार्षिकम्। एवम् आश्विनशुक्लद्वितीयादिपूर्णिमान्ते मृते अग्रिमभाद्रस्य मलमासत्त्वेऽपि एकादशमासिककालाभ्यन्तर एव मलमासपातात् । तत्र तत्रापि मासिकवृद्ध्या आश्विनशुक्लद्वितीयादिमरणतिथावेव वार्षिकमित्यवगन्तव्यम् इति सर्वं सुस्थम् ।

मलमासे यो म्रियते तस्यापि पञ्चदशमासिकानि भवन्तीति रुद्रधरः । तेन तत्रापि सप्तदशश्राद्धमेव भवति, त्रयोदशेमासिमरणपक्षतिथौ वार्षिकम् । एतावत्समुदायार्थपर्यालोचनयाऽयमर्थः पर्यवसितः । एकादशमासिककालाभ्यन्तरे मलमासे सम्भाव्यमाने सप्तदशश्राद्धं सङ्कल्प्य कर्तव्यम् । त्रयोदशे मासि शुद्धेऽग्रिमवर्षीय तन्मासे मरणतिथौ वार्षिकम् । द्वादशमासस्य मलमासत्त्वे तु न मासिकवृद्धिः, तेन षोडशश्राद्धमेव, तत्र प्रथमवार्षिकं मलमास एव क्षयाहे द्वादशे मासि, तत्र शुक्लादिमासपरिग्रहेण उत्तरमासीयकृष्णपक्षस्य पूर्वमासीयकृष्णपक्षत्वान्मासोल्लेखासङ्गतिरपि नास्ति द्वितीयादिवार्षिकं तु मलमासपाते सर्वदैव त्रयोदशे मासि क्षयाहे ।

प्रथकवैशाखशुक्लपक्षमृतद्वितीयवैशाखकृष्णपक्षमृतयोः मासिकवृद्ध्यावश्यकत्वात् तत्र तन्मरणपक्ष एव वार्षिकम् व्युत्क्रमेण वार्षिकमकिञ्चित्करं इति व्रतपद्धत्यादिसंमतो व्यवहारसिद्धश्च पन्थाः ।

गोकुलनाथोपाध्यायास्तु—"संवत्सराभ्यन्तरे यद्यधिमासपातः स्यात्तदा मासिकार्थं दिनमेकं वर्द्धयेदिति । विष्णुसूत्रेऽधिमासपातशब्देन पौर्णमास्यन्तक्षणप्रतिपदाद्यक्षणोभयघटितलवेन सह मध्यमचिन्हसम्बन्धो विवक्षणीयः। तथा सत्येवाधिमाससम्बन्धो व्यवहरणीयो न तु पूर्वापरचिन्हमात्रेण । अन्यथा विष्णुसूत्रस्थपातपदोपादानवैयर्थ्यप्रसङ्गात् । अत एव 'इन्द्राग्नी यत्र हूयेते इत्यादि लघुहारीतवचने व्यावर्तकस्य मध्यमचिन्हस्याभिधानमपि सङ्गच्छते । एतेनैषमी द्वितीयभाद्रकृष्णपक्षे मृतस्याग्रिमवर्षे आश्विनकृष्णपक्षे प्रथमाब्दिके प्रसज्येत इति मासोल्लेखासङ्गतिरिति परास्तम् । कृष्णपक्षस्य तस्य संवत्सराभ्यन्तरे निरुक्तमध्यमचिन्हसम्बन्धात्मकाधिमासपाताभावात् । अत एव मलमासशुक्लपक्षमृतानामेव मासिकवृद्धिः । न तु मलमासकृष्णपक्षमृताननामपीति । एवं

चाश्विनकृष्णपक्षमृतस्याग्रिमभाद्रस्य मलमासत्त्वे सम्वत्सराभ्यन्तरे निरुक्ताधिमासपातादाश्विनकृष्णपक्ष एव प्रथमाब्दिकम् न तु द्वितीयभाद्रकृष्णपक्षे इति न मासोल्लेखासङ्गतिर्न वा विष्णुसूत्रस्थसंवत्सरपदस्यैकादशमासिककालोपलक्षकत्व''मिति प्राहुरित्येतद् विषयविस्तारो गोकुलनाथोपाध्यायकृतमासमीमांसायां द्रष्टव्यः ।

ज्योतिषे— 'प्रतिसम्वत्सरं श्राद्धमशौचात् पतितं च यत् ।
मलमासेऽपि कर्तव्यमिति भागुरिरब्रवीत् ।।'

तथा चाशौचे न साम्वत्सरिकश्राद्धप्रतिरोधेऽशौचान्ते मलमासेऽपि कर्तव्यमिति भावः ।

हिन्दी—मलमास में क्या करना चाहिए और क्या नहीं? इस विषय पर बृहस्पति के विचार—

प्रतिदिन लगातार किया जाने वाला आवश्यक कार्य जैसे दैनिक पञ्चयज्ञ और किसी निमित्त विशेष से नियमित रूप से होने वाला या किसी विशेष उद्देश्य की प्राप्ति के लिए निरन्तर किया जाने वाला अनुष्ठान जैसे पर्वश्राद्धादि नियन्त्रित एवं पवित्र होकर मलमास में भी करना चाहिए । तीर्थ स्नान, चन्द्रसूर्यग्रहण निमित्तक श्राद्ध, मरणनिमित्तक स्नान, गर्भाधान संस्कार, सूद पर कर्ज देने का काम, मृत व्यक्ति निमित्तक पिण्डदानादि कर्म तथा समान पितरों के सम्मान में किया जाने वाला विशेष श्राद्धानुष्ठान में बुद्धिमान लोग अधिमासजन्य दोष नहीं मानते अर्थात् ये सभी कर्म मलमास में भी कर्त्तव्य है ।

'नित्यम्' का अर्थ है नित्य कर्म जैसे सन्ध्या, वन्दन प्रभृति, 'नैमित्तिक' का अर्थ है—किसी विशेष प्रयोजन के लिए किया गया कर्म, जैसे ग्रहण या शान्तिनिमित्तक किया गया कर्म स्नान आदि, तीर्थस्नानम् = दुबारा स्नान का पहला प्रत्यावर्तन, पहला प्रत्यावर्त्तन स्नान नहीं करने का विधान आगे शब्द प्रतिशब्द ही बतलाया जायेगा । गजच्छाया का अर्थ है रविचन्द्रग्रहणनिमित्तक श्राद्ध । प्रेतस्नानम् = मरणनिमित्तक स्नानादि । गर्भे = गर्भाधाननिमित्तक कर्मप्रभृति । वार्धुषिककृत्ये = सूद पर रुपये लगाने का काम, मृतानां पिण्डकर्मसु = पूरक प्रभृति पिण्डदानादिक कर्म, एकादशाह श्राद्ध आदि में अधिमास बाधक नहीं होता है । इन कर्मों में ये प्रतिरोधक कृत्य नहीं होते तथा ये सभी कर्म मलमास में भी करना चाहिए यही कहने का तात्पर्य है ।

बृहस्पति का कथन है—मलमास में अनावृत्त तीर्थ स्नान भी नहीं करना चाहिए । अनावृत्त का अर्थ है, पहला प्रत्यावर्त्तन या अधीत । ज्योतिष में लिखा है—

अग्नि की यथाविधि स्थापना और किसी देवमूर्त्ति की प्राणप्रतिष्ठा या उद्यापन, यज्ञ, धन एवं व्रत, धार्मिक व्रत, किसी की मृत्यु पर बछड़े को दाग कर और उसे साँड़ बनाकर छोड़ने की क्रिया, मुण्डन संस्कार, उपनयनसंस्कार, सौभाग्यसूचक राजतिलक, बावली (छोटा चौकोर जलाशय), कुआँ, तालाब प्रभृति तथा देवादि प्रतिष्ठा एवं यज्ञकर्म मलमास में छोड़ देना चाहिए ।

प्रतिष्ठा = उद्यापन, अथवा शिवादि की प्रतिष्ठा । मेखला = उपनयन, महादानम् = तुला पुरुषादि, दान ।

स्मृतिकार का वचन है—सपिण्डीकरण अर्थात् (किसी मृत व्यक्ति के उद्देश्य से किया जाने वाला श्राद्धविशेष कर्म) के बाद जो कुछ भी श्राद्ध सम्बन्धी इष्टा पूर्त यज्ञ सम्बन्धी अनुष्ठान हो उसे मलमास में नहीं करना चाहिए ।

श्राद्धिकम् = श्राद्धीय कर्म, इष्टं पूर्त्तं = इसके सम्बन्ध में रत्नाकर में जातूकर्ण ने कहा है—अग्निहोत्रम् (मन्त्रपूर्वक अग्निस्थापन करके सायं प्रात: नियम से किया जाने वाला होम) तप, सत्य, वेद वचनों का अनुपालन, अतिथिसत्कार, वैश्वदेव (भोजन करने वे पूर्व सब देवताओं के उद्देश्य से अग्नि में दी हुई आहुति अथवा विश्वदेव के निमित्त बलि या आहुति) इष्ट कर्म कहलाता है । इसी तरह वापी, कुआँ, तड़ाग, देव मन्दिर का निर्माण, बाग बगीचे लगाना पूर्त्त कहलाता है ।

मरण दिन से लेकर ग्यारहवाँ मासिक श्राद्ध के भीतर यदि कोई मलमास होय तो एक मासिक बढ़ा देना चाहिए । उदाहरणस्वरूप विष्णुसूत्र में—वर्ष के भीतर यदि अधिमास का अवतरण हो तो मासिक के लिए एक दिन बढ़ा देना चाहिए । 'सम्वत्सराभ्यन्तरे' का तात्पर्य यह है कि ग्यारहवां मासिककाल के भीतर अर्थात् ग्यारहवाँ मासिक पूरे होने के दिन के अव्यवहितोत्तर अर्थात् व्यवधानरहित क्षयाहतिथि हो। जैसा कि—

उस के भीतर मलमास पात में सत्रह श्राद्ध संङ्कल्प होना चाहिए । तेरहवें महीने पूरे हो जाने पर क्षयाह के लिए वार्षिक होता है । यही इसका तात्पर्य है । यहाँ सम्वत्सर शब्द ग्यारह मास परक है । ऋष्यशृङ्ग के वचन की एकवाक्यता के बल से ऐसा द्वैतनिर्णय में कहा गया है ।

मरण दिन से प्रारम्भ कर बारह महीने के बाद मलमास होने पर मासिक की वृद्धि नहीं होती, इसीलिए मलमास ही क्षयाह में प्रथम वार्षिक माना गया है । उदाहरणस्वरूप ज्यौतिष में कहा गया है—'बालक के उत्पन्न होने के

समय किया जाने वाला संस्कारविशेष उसी तरह चौथे, पाँचवें, नवमें एवं ग्यारहवें दिन के श्राद्ध एवं प्रतिसम्वत्सर अर्थात् पहला वार्षिक श्राद्ध मलमास में भी करना चाहिए । इति ।

नवश्राद्धम् अर्थात् चौथे, पाँचवे, नवमें एवं ग्यारहवें दिन किये जाने वाले श्राद्ध । प्रति सम्वत्सर श्राद्धम् = पहला वार्षिक श्राद्ध । स्मृति का वचन असंक्रान्ति में भी पहला वार्षिक श्राद्ध करने को कहा गया है ।' असंक्रान्ते अर्थात् संक्रान्तिशून्य मलमास होता है ।

लघुहारीत का वचन है—प्रतिवर्ष बारहवें महीने में बुद्धिमान जनों को पिण्डक्रिया करनी चाहिए । कहीं–कहीं तेरहवें महीने में भी वर्ष का पहला महीना छोड़कर पिण्डक्रिया होती है ।

भिन्न द्विजों की लाश जलाने या ढ़ोने पर सद्यः शौच का विधान है । और सम्बन्धी रहने पर त्रिरात्र का ही अशौच होता है । यहाँ दहित्वा और वहित्वा ये दानों ही आर्ष प्रयोग है; लोक में ऐसा संभव नहीं है । उदाहरण स्वरूप दह और वह धातु से प्रत्यय करने पर, इट् का आगम होगा तब उक्तरूप की सिद्धि होगी, जो असंभव है क्योंकि ये दोनों ही धातु अनिट् है । फिर, इन दोनों में 'इट्' का आगम नहीं होने पर इसका लौकिक रूप दग्ध्वा, बोढ्वा ही होगा । विवाहोपरान्त प्रसव काल में यदि कन्या की मृत्यु हो तो माता-पिता को त्रिरात्र का अशौच हो तथा बन्धु वर्ग को सद्यः अशौच होगा । उदाहरण स्वरूप ब्रह्मपुराण में—विवाहिता कन्या यदि पिता के घर में प्रसव करे या मर जाय अथवा दूसरी जगह कहीं व्यवस्थित हो तो भी उसके पति के सपिण्डव्यक्ति अपना अशौच क्रिया सम्पादित करें ।

द्वैतपरिशिष्ट के अनुसार मध्यम खण्ड के अर्थ पर ही जोर दिया गया है 'दत्तानां मर्तुरिव हि' इसकी एकवाक्यता केवल से वह कन्या जो पति के निमित्त ही दी गई हो । किन्त किन्तु अपने पति को छोड़कर स्वतन्त्रतापूर्वक जो नारी किसी अन्य पुरुष का आश्रय ग्रहण कर ले तो उस पुरुष को तीन रात का ही अशौच होगा ।

इस सन्दर्भ में स्मृतिकार ने कहा है—पिता के द्वारा दी गई कन्या अपनी स्वतन्त्रता से पति को छोड़कर दूसरे पुरुष का आश्रय ग्रहण करे तो जिन जिन पुरुषों का आश्रय ग्रहण करे उन सबों को तीन तीन रात का अशौच होता है । चाहे वह मरणाशौच हो या जननाशौच, आश्रयदाता पुरुष को ही यह अशौच होगा किसी दूसरे को बिल्कुल ही नहीं । काम के वशीभूत होकर अक्षत योनि वह कन्या यदि पति को छोड़कर किसी अन्य पुरुष का वह स्वतन्त्रतापूर्वक आश्रय ग्रहण करे तो उसकी वह सगोत्रा तो होगी पर, अशौच केवल आश्रयदाता पुरुष को ही होगा ।

जिसका उस नारी ने अवलम्ब ग्रहण किया, उसे ही तीन रात का अशौच होगा, उसके सपिण्डों को अशौच नहीं होगा ।

मैथिली—कन्या मरण आदिक अशौच व्यवस्था—यद्यपि कन्या बालक दुहूक सपिण्डता मनुक वचन सँ सिद्ध होयत अछि, ताँय दुहूक दशहादि अशौचे होयत अछि, तथापि 'सामान्य शास्त्र सँ विशेष अधिक बलवान् होयत अछि' ई विशिष्ट नियमानुसार विशेष बलवत्तर होयत अछि । अतः दुहूक अल्पाशौच होयत अछि । विशेष वचन ब्रह्मपुराण में अछि—

जन्मकाल सँ लेऽकय चूडान्त पर्यन्त जाहिठाम कन्याक मरण होय ताहिठाम सद्यः अशौच होय । ई सबवर्णकलेल सतत् कालीन सामान्य व्यवस्था अछि एकर

बाद कन्याक वाग्दान पर्यन्त एकदिनक अशौच होयत अछि । एकरा सँ ऊपर विवाहकपूर्व त्रिरात्रिक अशौच होयत अछि। वाग्दान भेलाक वाद दुहूपक्षकलेल—त्रिरात्रिक अशौच होयत अछि । विवाहोपरान्त सूतक हो मृतक अपन पतिकुलकलेल निर्दिष्ट अशौचे होयत अछि ।

एकर भावार्थ ई होयत अछि जे जन्म सँ लऽके द्वितीय वर्षपर्यन्त कन्याक मरण भेला उत्तर सभवर्णकलेल अद्य: अशौचेक विधान अछि । द्वितीय वर्षक बाद 'अहाँकलेल ई कन्यादान हम करव' अहि तरह वाक्प्रयोग पर्यन्त एक दिन एवं एक रात्रिक अशौच होयत अछि । अहि तरहक वाग्दानक बाद विवाह पर्यन्त पितृकुल एवं पतिकुल में त्रिरात्रिक अशौच होयत अछि । जाहिठाम वाग्दान नहि भेल होय तांहिठाम दोसर वर्षक बाद विवाहपर्यन्त एक दिन एवं एक रात्रिक अशौच होयत अछि । अही विषयक अवलम्बन कय याज्ञवल्क्यक कथन छैन्हि—'अह: स्त्वदत्त कन्यासु' दाहकर्त्तोकय त्रिरात्रिक अशौचे होयत छैन्हि ।

'दाहकनिहार एवं शववहनकनिहार कय त्रिरात्रक अशौच होयत अछि ई वचन अछि । अपन सम्बन्धी सँ भिन्न द्विज जे दाह करैत छथि अथवा वहन करैत छथि हुनकालेल सद्य: शौचक विधान अछि । आओर जे सम्बन्धी लोकनि छथिन तिनकालेल त्रिरात्रिके विधान छैन्हि । ई पैठीनसिक वचनानुसार व्यवस्था अछि । मुदा अहि वचन में 'दहित्वा' एवं 'वहित्वा' ई दुहूशब्दक आर्ष प्रयोग अछि । लोक में शब्दक अहिरूपक प्रयोग असंभव अछि ।

उदाहरण स्वरूप दह धातु एवं वह धातु सँ क्त्वा प्रत्यय कयला उत्तर जखन इट्क आगमन हैत तखनहि, 'दहित्वा' एवं 'वहित्वा' रूपक संभावना हैत, किञ्च, दह एवं वह ई दुहू धातु अनिट् अछि तांय इट्क आगम नहि हैत, तखन लोक में एकर रूप 'दग्ध्वा' एवं 'बोढ्वा' होयत अछि । विवाहोपरान्त कन्याक प्रसव या मरण जन्य अशौच माता- पिताकलेल त्रिरात्र एवं बन्धुगणकलेल सद्य: होयत अछि । एकरा सम्बन्ध में ब्रह्मपुराणक वचन अछि—विवाहिता नारी यदि पितृगृह अथवा अन्यत्र व्यवस्थित रहलो उत्तर प्रसव या मरणजन्य अशौच होय तऽ स्वकीय कुलानुसार अशौच करी । हिनक माता-पिता त्रिरात्रक वाद तथा बन्धुवर्गकय एकदिन एवं रात्रिक बाद शुद्धि प्राप्त करैत छथि ।

अहि वचनक अनुसार विवाहिता नारी अलगकतौ व्यवस्थित रहलो उत्तर प्रसव अथवा मरणजन्य अशुचि होथु तँऽ हुनक पतिक सपिण्ड लोकनि अपन कुलानुसार अशौच करथु । 'दत्तानां भर्त्तुरेव हि' अहि वाक्यक एकताक बल सँ वाक्यक मध्यम खण्डक अर्थे पर विशेष बल अछि, ई द्वैतपरिशिष्टक विचार अछि । अपन स्वतन्त्रताक कारणे यदि क्यो नारी अपन पति के छोड़ि कोनो आन पुरुषक आश्रय ग्रहण करय तऽ ताहि पुरुष के त्रिरात्रक अशौच होय । जेना स्मृति में कहलगेल अछि—

पिताक द्वारा प्रदत्त कन्या यदि स्वतन्त्रतापूर्वक कोनो आन पुरुषक आश्रय ग्रहण करय तऽ जेकर जेकर आश्रय ग्रहण करय तऽकरा सभकय त्रिरात्रक अशौच होय । जननाशौच एवं मरणाशौचक दोसर कय नहि होय । कामवश अक्षतयोनि कन्या दोसर पुरुषक आश्रय ग्रहण कय व्यवस्थित भय जाय तऽ जकर आश्रय ग्रहण करय तकर ओ सगोत्रा होयथि ।

'तस्याशौचम्' एकर तात्पर्य ई अछि जेकर ओ आश्रय ग्रहण करैथि तकरे मात्र तीन दिनक अशौच होय, तीसर कय नहि, अर्थात् ओकर सपिण्ड लोकनि कय अशौच नहि होय ।

विमर्शः—पितृकर्मनिर्णये पण्डितश्रीत्रिलोकनाथमिश्रेण—'तत्र पराशरः—
सूतिकायां मृतायां तु कथं कुर्वन्ति याज्ञिकाः । कुम्भे सलिलमादाय पञ्चगव्यं तथैव च ।।
पुण्यग्निरभिमन्त्र्यापो वाचाशुद्धिं लभेत्ततः । तेनैव स्नापयित्वा तु दाहं कुर्याद्यथाविधिः ।। इति ।
अशौचे दिनगणना तु— 'उदिते तु यदा सूर्ये नारीणां दृश्यते रजः ।
जननं वा विपत्तिर्वा यस्याहस्तस्य शर्वरी ।।'

इति कश्यपवचनात् रात्रावपि मरणे पूर्व दिनतः एव कार्या । तत ऊर्ध्वं 'अर्धरात्रावधिः कालः' इत्यादि कश्यपवचनन्तु पक्षद्वय प्रातिपादकतया देशान्तराचार-परत्वेन नास्मद्देशीयैरालम्बनीयम् ।

अथ गर्भस्रावाशौचमाह ब्रह्मपुराणे—

'षण्मासाभ्यन्तरं यावद्गर्भस्रावो भवेद्यदि ।
तदा माससमैस्तासां दिवसैः शुद्धिरिष्यते ।।
अत ऊर्ध्वं स्वजात्युक्तमशौचं तासु विद्यते ।
सद्यः शौचं सपिण्डानां गर्भस्य पतने सति ।।'

षण्मासाभ्यन्तरे तृतीयमासस्योपरीति शेषः । मासत्रयाभ्यन्तरे सर्वासाम-धिकाशौचस्य वक्ष्यमाणत्वात्तेन मासत्रयोपरि षण्मासं यावत् व्यतीतमास-समसंख्यादिनान्यशौचं सर्ववर्णसाधारणम् । तासां स्त्रीणाम् । तासु स्त्रीषु । मासत्रयाभ्यन्तरे आह मरीचिः—

गर्भस्रुत्यां यथामासमचिरे तूत्तमे त्र्यहम् ।
राजन्ये तु चतू रात्रं वैश्ये पञ्चाहमेव च ।।
अष्टाहेन तु शूद्रायाः शुद्धिरेषा प्रकीर्त्तिता ।' इति ।

अचिरे मासत्रयाभ्यन्तरे, उत्तमे = उत्तमजातीये ब्राह्मण्यामित्यर्थः । पुंस्त्व-मत्राविवक्षितम् । अन्यथा सद्यः शौचं सपिण्डानामिति प्रागुक्तब्रह्मपुराणविरोधः स्यात् । तथा च ब्राह्मण्यादीनां प्रसूतीनां प्रागुक्तमशौचं तत्पतिपुत्रादीनां तु सपिण्डानां स्नानलोमनखवपनपर्यन्तमेव गर्भस्रावेऽशौचमिति भावः । द्विवर्षा-

भ्यन्तरे बालस्य कन्यायाश्च भूमिखननं न तु दाहः तदूर्ध्वं तू दाह एव सर्ववर्णानां तथा हि— 'ऊनद्विवार्षिकं बालं भूमावेव निधापयेत् ।
न द्विवर्षस्य कर्त्तव्याः बान्धवैरुदकक्रिया ।। इति

प्रमादादिना दाहे कृते विशेषमाह तद्दाहमभिधाय ब्रह्मपुराणे—

'अनतीत्य द्विवर्षस्तु प्रेतो यत्रापि दह्यते ।
अतिमोहाभिभूतैश्च देशसाधर्म्यमादरात् ।।
अशौचं ब्राह्मणानां तु त्रिरात्रं तत्र विद्यते ।
राज्ञामेकादशाहं तु वैश्यानां द्वादशाह्निकम् ।।
अपि विंशतिरात्रन्तु शूद्राणां भवति क्रमात् ।'

तत्रेति द्विवर्षवयस्कस्य बालदाहे इत्यर्थः ।

हिन्दी—अब गर्भस्राव जन्य अशौच के सन्दर्भ में ब्रह्मपुराण ने कहा है—यदि छः महीने के भीतर कच्ची अवस्था में गर्भ गिर जाय तो जितने महीने का गर्भ हो उतने ही दिनों के बाद उसकी शुद्धि होती है । इससे ऊपर की अवधि में गर्भपात होने पर जाति विशेष के लिए कथित अशौच ही उस नारी को होता है । गर्भपात की स्थिति में उस नारी के सपिण्ड वर्गों के लिए सद्यः अशौच का ही विधान है ।

'षण्मासाभ्यन्तरे' का तात्पर्य तीन महीने से ऊपर की अवधि का है । तीन महीने के भीतर सबसे अधिक अशौच का वक्ष्यमाणत्व से सभी वर्णों के लिए तीन महीने से ऊपर छः महीने तक, बीते महीने के तुल्य अर्थात् जितने महीने का गर्भपात हुआ हो, उतने ही दिनों का अशौच होता है । तासाम् अर्थात् उन महिलाओं का, तासु अर्थात् उन नारियों में । तीन महीने के भीतर के सन्दर्भ में मरीचि का कथन है—तीन महीने के भीतर की गर्भश्रुति में ब्राह्मणी तीन दिन में, क्षत्राणी चार रात में वैश्य की पत्नी पाँच दिन में, शूद्रा आठ दिनों में पवित्र होती है ।

अचिरे = तीन महीने के भीतर उत्तमे = उत्तम जाति की ब्राह्मणी अर्थ है इस कथन में पुरुष वर्ग उद्दिष्ट नहीं है । अन्यथा, ब्रह्मपुराण में कथित सपिण्डों के लिए सद्यः शौच का विधान खण्डित हो जाता है । जैसा कि ब्राह्मणादि प्रसूतियों के लिए प्रागुक्त अशौच का विधान है । उसके पति-पुत्रादि सपिण्डों के लिए जब तक नख-बाल नहीं कटवा लेता, गर्भस्राव में तभी तक अशौच माना गया है । दो वर्ष के भीतर बालक या कन्या अगर मृत्यु हो जाय तो उसे जमीन खोदकर धरती में गाड़ देना चाहिए । न कि जलाना चाहिए । इससे ऊपर की उम्र के सभी वर्णो के मृत बच्चों को जलाने का विधान है ।

उदाहरण स्वरूप—दो साल से कम उम्र के मृत बच्चों का शव मिट्टी खोदकर गाड़ देना चाहिए । दो साल के बच्चों की श्राद्धादिक क्रिया बन्धु वर्गों को नहीं करनी चाहिए । इत्यादि ।

असावधानी या लापरवाही से यदि बच्चे का शव जला दिया गया तो इसे ध्यान में रखकर ब्रह्मपुराण में विशेष बातें कही गई हैं—घबड़ाहट में कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य के विचार से शून्य होकर कोई व्यक्ति यदि दो साल से कम उम्र के बच्चों का शवदाह कर दे तो स्थानविशेष की एकधर्मता के सम्मान के कारण ब्राह्मणों के लिए त्रिरात्र का, क्षत्रियों के लिए एकादशाह, वैश्यों के लिए द्वादशाह और शूद्रों के लिए बीस रात के अशौच का विधान है । तत्र का अर्थ है दो से भीतर के बालक का शवदाह ।

मैथिली—आव गर्भपात जन्य अशौचक सन्दर्भ में ब्रह्मपुराण में कहलगेल अछि—छः मासक भीतर यदि ककरो गर्भपात हो, तऽ जे मासक गर्भपात होय ओतवहि दिनक अशौच होय । एकरा सँ अधिक मासक जो गर्भपात होय तऽ अपन जातिक अनुसार अशौच करी । सपिण्ड लोकनिकलेल सद्यः अशौचक विधान अछि । षण्मासाभ्यन्तरक भाव ई अछि जे तीन मास सँ ऊपर । तीन मासक भीतरकलेल सभटा हेतु अधिक अशौचक वक्ष्यमाण व्यवस्था अछिए, ताँय तीन मास सँ अधिक छः मासधरि बीतल मासक जे संख्या भेल ओतवहि दिनक अशौचक विधान अछि । ई विधान सर्वसाधारणकलेल अछि । तासाम् = स्त्रीलोकनिक, तासु अर्थात् स्त्री जाति में । तीन मासक अभ्यन्तर गर्भपातक सन्दर्भ में मरीचिक कथन अछि—

तीन मासक अभ्यन्तर गर्भश्रुति में ब्राह्मणीकलेल तीन दिन, क्षत्रिय जातिकलेल चारि राति, वैश्य जाति कलेल पाँच दिन एवं शूद्रजातिकलेल आठ दिनक बाद शुद्धिक विधान अछि ।

अचिरे = तीन मासक अभ्यन्तर, उत्तमे = उत्तम जाति में ब्राह्मणी ई अर्थ भेल, अहिठाम पुरुष वर्ग अनपेक्षि अछि, अन्यथा ब्रह्मपुराणक पूर्व कथित सपिण्डलोकनिकलेल सद्यः शौचक विधानक विरोधापत्ति भऽ जायत ।

जेनां ब्राह्मण्यादि प्रसूतिकलेल पूर्वोक्त अशौचक व्यवस्था अछि, हुनक पति-पुत्रादि एवं सपिण्डजनकलेल गर्भपातक स्थिति में स्नान, केश, नख कर्त्तन यावत् अशौच होयत अछि । दुई वर्षक अभ्यन्तर यदि बालक या कन्याक मरण होय तऽ शव के धरती में गाड़ि देवाक चाही, दाह संस्कार नहि करी । दुई वर्ष सँ अधिक अवस्थाक सभवर्णक मृत शिशुकलेल दाह संस्कार करवाक चाही ।

उदाहरण स्वरूप—दुई वर्ष से कम अवस्थाक शिशुक शव धरतीये में गाडि देवाक चाही । दुई वर्ष पर्यन्त मृत शिशुक श्राद्धादिक क्रिया बन्धुवर्गकय नहि

करवाक चाही । भ्रान्त्या यदि दुई वर्ष सँ कम अवस्थाक मृतशिशुक दाह संस्कार कय देल जाय तँऽ एहन स्थिति में दाह संस्कार के ध्यान में राखैत ब्रह्मपुराणक विशेषवचन अछि—

कर्त्तव्याकर्त्तव्यक विचार विहिन भय अतिमोहवश यदि क्यो वर्षद्वयाभ्यन्तरक मृत शिशुक दाह संस्कार कय छथि तऽ स्थान विशेषक धर्मताक आदर सँ ब्राह्मण के तीन रात्रिक, क्षत्रिय के दस दिनक, वैश्य के बारह दिनक एवं शूद्र कय बीस रात्रिक अशौच होय । इति । तत्र शब्दक अर्थ अहिठाम दुई वर्ष सँ कम उम्रक शिशुक दाह संस्कार सँ अछि ।

विमर्श:—द्विवर्षाभ्यन्तरे बालकस्य कन्यायाश्च दाहमभिधाय मनुस्मृतौ—

ऊनद्विवार्षिकं प्रेतं निदध्युर्बान्धवा: बहि: । अलंकृत्य शुचौ भूमावस्थिसञ्चयनादृते ।।
नास्ति कार्योऽग्निसंस्कारो नापि कार्योदकक्रिया ।

अरण्ये काष्टवत् त्यक्त्वा क्षिपेयुस्त्र्यहमेव च । याज्ञवल्क्योऽप्येवमेवाह—
'ऊनद्विवर्षन्निरवन्नेन कुर्यादुदकं तत: ।' इति ।

अत्र वर्षगणनं सौरमानेन बोधव्यमिति । गृहशुद्धिमधिकृत्य प्रसङ्गादत्र संवर्त्तवचनम्—
गृहशुद्धिं प्रवक्ष्यामि अन्तस्थशवदूषिते । प्रोत्सृज्य मृण्मयं भाण्डं सिद्धमन्नं तथैव च ।।

गृहादपास्य तत्सर्वं गोमयेनोपलेपयेत् । अत्र बौधायनोऽपि च—
'उद्वद्धशयोपधाने वेश्मनो भित्तिरक्षणम् । सूर्यरश्म्य प्रवेशोऽग्निज्वालाभिरभिमर्शनम् ।'

अथ बालकमरणाशौचमाह याज्ञवल्क्य:—

'आदन्तजननात्सद्य आचूडान्नैशिकी स्मृता ।
त्रिरात्रमाव्रतादेशाद्दशरात्रमत: परम् ।।'

आदन्तजननात् दन्तजननकालपर्यन्तं, स काल: सप्तमो मास: 'दन्त-जन्म सप्तमे मासि' इत्युपनिषद: । सरोजकलिकायां मर्यादायामत्राह तेन सप्तममासात्प्राक् षण्मासपर्यन्तं बालमरणे सद्य: शौचं चातुर्वर्ण्यस्य । अत: परं ब्राह्मणमात्रविषयकवचनमिति सप्तममासात्प्राक् सद्य:शौचमिति शुद्धिविवेक: । आचूडात् चूडाकरणकालपर्यन्तं, स च तृतीयवर्ष:, 'तृतीये वा प्रतिहत' इति वचनात् । आव्रतादेशात् उपनयनकालपर्यन्तं स च षड्वर्षान्त: । तथाहि ब्रह्मपुराणे—'द्विजन्मनामयं कालस्त्रयाणां तु षडाब्दिक: ।' इति ।

एवमग्रेऽपि व्रतमुपनयनकाल: स च षड्वर्षान्त: । अङ्गिरा:—

'विप्रे न्यूने त्रिभिर्वर्षैर्मृते शुद्धिस्तु नैशिकी ।
द्व्यहेन क्षत्रिये शुद्धिस्त्रिभिर्वैश्ये मृते सति ।।
निवृत्ते क्षत्रिये षड्भिर्वैश्ये नवभिरेव च ।।' इति ।

'अनुपनीतो विप्रस्त्वित्यादि' ब्रह्मपुराणवचने क्षत्रियवैश्ययो:

षडब्दाभ्यन्तरे त्रिरात्राभिधानं वेदाग्निमतोरेव, अन्येषां षडहनवाहौ पूर्वोक्तावेवेति शुद्धिविवेके स्पष्टम् । शूद्रविषये हि—

'शूद्रे त्रिभिर्वर्षान्न्यूने मृते शुद्धिस्तु पञ्चभिः ।
अत ऊर्ध्वं मृते शूद्रे द्वादशाहो विधीयते ।।'

शङ्खः— 'अनूढभार्यः शूद्रस्तु षोडशाद्वत्सरात्परम् ।
मृत्युं समधिगच्छन्ति मासं तस्यापि बान्धवाः ।।
शुद्धिं समधिगच्छन्ति नात्र कार्या विचारणा ।'

अनूढभार्यः । नोढा विवाहिता भार्या येन स अविवाहित इति यावत् । **विवाहिते शूद्रे मृते आह अङ्गिराः—**

'षड्वर्षान्तमतीतस्तु शूद्रः सम्म्रियते यदि ।
मासिकं तु भवेच्छौचमित्याङ्गिरसभाषितम् ।।'

अत्र 'षड्वर्षान्तमतीत' इत्यत्र षड्वर्षोऽन्ते यस्य इति व्युत्पत्त्या पञ्चवर्षमतीतः प्राप्तः इत्यर्थः । पञ्चवर्षादधो विवाहः स्त्रियाः शूद्रस्य वा न प्रशस्तः । यत्र तयोस्तृतीये चतुर्थे वा विवाहो जातस्तत्र तयोर्मरणे सम्पूर्णाशौचं शास्त्रान्न सिध्यति, देशाचारादेव तत्र व्यवस्था बोध्या ।

'यस्मिन्देशे यदाचारः पारम्पर्यक्रमागतः ।
श्रुतिस्मृत्यविरोधेन सदाचारः स उच्यते ।।'

इति देशकुलाचारस्य व्यवस्थापकत्वादिति स्मृत्यर्थनिर्णये गोकुलनाथोपाध्यायाः । एतावद्ग्रन्थपर्यालोचनया अयमर्थः पर्यवसितः—ब्राह्मणबाले सप्तमासात्प्राक् मृते ब्राह्मणानां सद्यःशौचम् तत्र केशनखच्छेदनं स्नानञ्च । सप्तमासमारभ्य जन्मतो द्वितीयवर्षपर्यन्तमेकाहोरात्रमशौचम्, उभयत्र भूमिनिखननं श्मश्र्वादिच्छेदनं च । तदूर्ध्वं षड्वर्षपर्यन्तं त्रिरात्रम् । तत्र दाहं कृत्वा पिण्डदानं द्वितीयदिनेऽस्थिसञ्चयः, तदसम्भवे तृतीयदिने पिण्डदानमस्थिसञ्चयनं नखकेशच्छेदनं च, चतुर्थदिने ब्राह्मणभोजनमिति सांप्रदायिक व्यवहारः ।

क्षत्रियाणां सप्तममासपर्यन्तं सद्यः, तदनन्तरं द्विवर्षपर्यन्तं द्व्यहम् । तदूर्ध्वं षड्वर्षपर्यन्तं षड्दिनमशौचम् । वैश्यानां सप्तममासपर्यन्तं सद्यः, तदनन्तरं द्विवर्षपर्यन्तं त्र्यहम्, तदूर्ध्वं षड्वर्षपर्यन्तं नवरात्रं, षड्वर्षानन्तरं ब्राह्मणक्षत्रियविशां संपूर्णाशौचम्, एकादशाहादिक्रियाश्च । शूद्राणां सप्तममासपर्यन्तं सद्यः, तदनन्तरं द्विवर्षपर्यन्तं पञ्चाहम्, भूमिनिखननं च । तदूर्ध्वं षोडशवर्षपर्यन्तम् अविवाहिते मृते द्वादशदिनम्, षोडशवर्षानन्तरं मासमशौचम्। श्राद्धादिक्रियाश्च । विवाहिते तु पञ्चवर्षानन्तरं 'षड्वर्षान्तमतीत' इति प्रागुक्ताङ्गिरोवचनात् पञ्चवर्षाभ्यन्तरे च देशकुलाचारान्मासमशौचं श्राद्धादिक्रियाश्च ।

हिन्दी—अब बालक मरण जन्य अशौच के सन्दर्भ में याज्ञवल्क्य ने कहा है—दाँत निकलने के पूर्व तक यदि बालक की मृत्यु हो जाय तो उसे सद्यः अशौच होता है । चूड़ाकरण पर्यन्त मृत्यु होने पर तीन रात का अशौच होता है । यज्ञोपवीतपर्यन्त मृत्यु होने पर दस रात के अशौच का विधान है ।

आदन्त जननात् = दाँत निकलने के समय तक, यह समय ब्रच्चों का सातवां महीना होता है । उपनिषद् की एक उक्ति है—'दाँतों का जनमना सातवें महीने में होता है' सरोज कलिका में लिखा है, आङ् उपसर्ग यहाँ मर्यादा के अर्थ में है । अतः इससे यह सिद्ध होता है कि सातवें महीने से पूर्व छः महीने तक की उम्र के बच्चों की मृत्यु होने पर चारों वर्णों के लोगों को सद्यः अशौच होता है । इससे परे ब्राह्मणमात्र विषय के वचन हैं । सातवें महीने से पूर्व की मृत्यु पर सद्यः शौच का विधान शुद्धिविवेक में भी है । आचूडात् का अर्थ चूड़ाकाल पर्यन्त है और यह समय 'तृतीयेवा प्रतिहत' इस वचन के अनुसार तीसरा साल होता है । आव्रत के आदेश से उपनयन काल तक का बोध होता है और वह काल छः वर्ष के अन्त तक होता है । उदाहरण स्वरूप ब्रह्मपुराण में—

'द्विजन्मा अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यों का यह काल छः साल का है ।' इति । इसी तरह आगे भी व्रत अर्थात् उपनयन काल भी और वह काल छः साल के अन्त तक का है । अङ्गिरा का वचन है—तीन साल से कम उम्र के ब्राह्मण शिशु की मृत्यु होने पर रात भर की शुद्धि का विधान है क्षत्रियों की दो दिन में, वैश्यों की तीन दिनों में शुद्धि होती है, निर्वृत्त क्षत्रिय छः दिन में तथा वैश्यों की शुद्धि नौ दिनों में होती है ।

'अनुपनीतोविप्रस्तु' इत्यादि ब्रह्मपुराण के वचन में क्षत्रिय एवं वैश्यों की शुद्धि के लिए, शिशु की मृत्यु छः साल के भीतर होने पर त्रिरात्र का ही विधान है, यही वेदाग्नि का भी मत है । दूसरों के मत में छः और नौ दिनों की शुद्धि पहले कही जा चुकी है, वही शुद्धिविवेक में स्पष्ट है ।

शूद्र के विषय में—तीन साल से कम उम्र के शूद्र शिशु की मृत्यु होने पर पाँच दिनों में शुद्धि का विधान है । तीन साल से ऊपर उम्र के शूद्र शिशु पर बारह दिनों की शुद्धि का विधान है । शङ्ख का विचार है—सोलह साल से अधिक उम्र के अविवाहित शूद्र की मृत्यु होने पर उसके बान्धवों की शुद्धि एक महीने में होती है, इसमें विचार करने की आवश्यकता नहीं है । अनूढमार्यः = नहीं लाया है विवाह कर भार्या को जिसने अर्थात् अविवाहित क्वांरा । विवाहित शूद्र की मृत्यु पर अङ्गिरा का वचन है—छठा साल प्रारम्भ

होने से पूर्व यदि विवाहित शूद्र की मृत्यु होय तो अङ्गिरा के वचनानुसार उसका मासिक अशौच होता है ।

यहाँ 'षडवर्षान्तमतीत' इसकी व्युत्पत्ति इस तरह की जाय 'छठावर्ष है अन्त में जिसके' तो इसका अर्थ होगा पाँच वर्ष पर्यन्त । पाँच वर्ष से कम उम्र के शूद्र की लड़की या लड़के का विवाह प्रशंसनीय नहीं कहा गया है । जहाँ इनकी उम्र तीन या चार साल की हो और विवाहोपरान्त इनमें से किसी की मौत हो जाय तो शास्त्रीय दृष्टि से इनका सम्पूर्णाशौच सिद्ध नहीं होता । देशाचार के अनुसार ही इसकी व्यवस्था जाननी चाहिए ।

श्रुति और स्मृति के विरोध किये बिना परम्परा से क्रमागत जिस देश का जो आचार है, उसे ही सदाचार कहते हैं । अत: गोकुलनाथ उपाध्याय ने स्मृत्यर्थ निर्णय में इस व्यवस्था को देश और कुलाचार के अनुसार ही माना है इन ग्रन्थों के पर्यालोचन से यही अर्थ निकलता है कि सातवां महीने से पूर्व ब्राह्मण बच्चे की मृत्यु होने पर सद्य: शौच होता हैं वहाँ नख बाल कटवाकर स्नान कर लने से शुद्धि होती है । सातवें वर्ष से लेकर जन्म के दूसरे वर्ष तक एक दिन और एक रात का अशौच होता है । दोनों ही स्थिति में भूमिखनन एवं दाढ़ी मूँछ बनवाना चाहिए । इससे ऊपर छ: वर्ष तक त्रिरात्र का विधान है । ऐसी स्थिति में शवदाह करने के बाद पिण्डदान करना चाहिए । और दूसरे दिन अस्थि सञ्चयन करना चाहिए । अगर ये असम्भव हो तो तीसरे दिन पिण्डदान और अस्थि सञ्चन के बाद नख बाल कटवा लेना चाहिए और चौथे दिन ब्राह्मण भोजन करवा लेना चाहिए । यही साम्प्रदायिक व्यवहार है ।

क्षत्रियों का सप्तममास पर्यन्त सद्य: शौच, उसके बाद दो वर्ष पर्यन्त दो दिनों का अशौच होता है । इससे ऊपर छ: साल तक छ: दिनों का अशौच होता है । वैश्यों को सातवें महीने तक सद्य: अशौच, उसके बाद दो साल तक तीन दिनों का, उससे ऊपर छ: साल तक नौ रात का, छ: वर्षो के बाद ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यों को सम्पूर्ण अशौच होता है और एकादशाहादि क्रिया होती है । शूद्रों को सात महीने तक सद्य: अशौच इसके बाद दो वर्ष तक पाँच दिनों का और भूमिखनन होता है । इसके ऊपर सोलह साल तक अविवाहित मरने पर बारह दिनों का अशौच होता है; सोलह वर्ष के बाद एक महीने का अशौच होता है, तथा श्राद्धादिक क्रिया होती है । विवाहित होने पर पाँच वर्ष के बाद 'षड्वर्षान्तमतीत' पहले कहे गये अङ्गिरा के इस वचन से पाँच वर्ष के भीतर मरने पर देश और कुल के परम्परित आचार के अनुसार एक महीने का अशौच एवं श्राद्धादिक क्रिया होती है ।

मैथिली—याज्ञवल्क्य बालकक मृत्यु पर अशौच कहने छथि—बालकक दन्त जनन कालपर्यन्त मृत्यु भेने सद्यः शौच तथा चूड़ाकरण पर्यन्त मरला उत्तर एक दिन एवं एक रात्रिक अशौच तथा उपनयन धरि त्रिरात्रिक एवं एकरा सँ ऊपर दशाह अशौच विधान अछि ।

आदन्तजननात् = बालकक दन्त जननकाल पर्यन्त, दाँत निकलवाक समय सातममासमानल गेल अछि । उपनिषद्क कथन अछि 'दन्त जन्म सप्तमे मासि' अर्थात् बालकक दाँत सातम मास में होयत अछि । सरोजकलिका में लिखल अछि 'मर्यादाक अर्थ में अहिठाम आङ् उपसर्गक प्रयोग भेल अछि ताँय सातम मास सँ पूर्व छः मास पर्यन्त बालकक मृत्यु भेने चारुवर्णनकलेल सद्यः शौचक विधान अछि । अतः पर ब्राह्मणमात्र विषयकलेल ई वचन अछि; सातम मास सँ पूर्व बालक मृत्यु होने सद्यः शौचक विधान शुद्धिविवेक में लिखल अछि । 'आचूडात्' एकर तात्पर्य अछि चूड़ाकाल पर्यन्त ई तेसर वर्ष भेल' एकर वचन अछि—'तृतीये वा प्रतिहत' आव्रता देशात् = एकर तात्पर्य उपनयन काल पर्यन्त भेल, से काल छः वर्षक अन्त धरि होयत अछि । उदाहरण स्वरूप ब्रह्मपुराणक वचन अछि—द्विजन्मनां अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय आओर वैयकलेल ई काल छः वर्षक अछि । अहिना आगुओ व्रतक अर्थ भेल उपनयन काल सँ छः वर्षक अन्तधरि भेल । अङ्गिराक वचन अछि—तीन वर्षक अभ्यन्तर बालकक मृत्यु भेने एक दिन एवं एक रात्रिक अशौच होयत अछि । दुई दिन में क्षत्रियक शुद्धि तथा तीन दिन में वैश्यक शुद्धि होयत अछि । निवृत्त क्षत्रियकलेल छः दिन में तथा वैश्यकलेल नौ दिन में शुद्धि कहलगेल अछि ।

'अनुपमीतो त्रिस्त्वित्यादि' ब्रह्मपुराणक वचन में क्षत्रिय एवं वैश्यकलेल छः सालक भीतर मरने त्रिरात्रक विधान अछि । वेदाग्नि मत सँ सेहो एतवहि सिद्ध होयत अछि, आनकलेल छः दिन एवं नौ दिनक अशौच पूर्वोक्त शुद्धि विवेक में स्पष्टे अछि । शूद्रक विषय में—तीन वर्षक अभ्यन्तर शूद्र शिशुक मरला उत्तर पाँच दिनक अशौच होयत अछि । तीन वर्ष सँ अधिक अवस्थाक मृत शूद्र शिशुकलेल बारह दिनक बाद शुद्धिक विधान अछि । शङ्खक वचन—सोलह साल से अधिक अवस्थाक अविवाहित शूद्रक शरीरान्त भेने हुनक बान्धवलोकनि मासदिनक बाद शुद्धि प्राप्त करैत छथि । अहिकथन में कोनो तरह विचार नहि करी । अनूढभार्यः = अर्थात् अविवाहित । मृत विवाहित शूद्रक सन्दर्भ में अङ्गिराक वचन—पाँच वर्षक अवस्था धरि यदि विवाहित शूद्रक मृत्यु होयतऽ अङ्गिराक मतानुसार मासिक शौच होय ।

अहिठाम 'षड्वर्षान्तमतीत' एकर व्युत्पत्ति यदि एनाकयल जाय—'छठमवर्ष जकरा अन्त में होय' तऽ एकर स्वतः अर्थ होयत अछी पञ्चम वर्षक अन्त धरि । 'शूद्रस्त्रीक पाँच वर्ष सँ कम उम्रक विवाह प्रशंसनीय नहि होयत अछि । जाहिठाम शूद्र बालक एवं बालिकाक विवाह तेसर या चारिम वर्ष मं भऽ

जायत छैक ओकरा मरने सम्पूर्ण अशौच हो, ई शास्त्र सँ सिद्ध नहीं होयत अछि । ताँय देशाचारानुसारे एहन स्थिति में व्यवस्था जानवाक चाही ।

परम्परा सँ क्रमागत जाहि देशक जे आचार होय श्रुति स्मृतिक विना विरोधे ताहिठाम कलेल सेह सदाचार होयत अछि ।

अहिवचनानुसार देशकुलाचारे व्यवस्थापक भेल, ई स्मृत्यर्थ निर्णय में गोकुल नाथ उपाध्यायक वचन अछि । अहिसभ ग्रन्थक पर्यालोचन कयला उत्तर ई निष्कर्ष निकलैत अछि—सातमास सँ पूर्व ब्राह्मण बालकक मृत्यु भेने ब्राह्मण लोकनिकें सद्य: शौच होयत अछि, केशनख छेदनक बाद स्नानोत्तर शुद्धि होयत अछि । सातम मास सँ लऽ कय जन्म से दोसर वर्ष पर्यन्त मरला उत्तर एक अहोरात्रक अशौच होयत अछि । दुहू स्थिति में शव कय भूमिगत कयल जायत अछि । तत्पश्चात् दाढ़ी-मूँछ नख बालादि कटाय स्नानोपरान्त शुद्धि होयत अछि । एकरा सँ ऊपर छ: वर्षपर्यन्तक शिशुक मरणोपरान्त त्रिरात्रक अशौच होयत अछि । एहन स्थिति में दाहोपरान्त पिण्डदान कयलाक बाद दोसर दिन अस्थि सञ्चय करवाक चाही । यदि ई सम्भव नहिं होय तऽ तेसर दिन पिण्डदान एवं अस्थि सञ्चयनक बाद नख केश कटवाय पवित्रभय चारिम दिन ब्राह्मण भोजनादि करयवाक चाहि । एतवहि साम्प्रदायिक व्यवहार अछि ।

क्षत्रियकलेल सातम मास पर्यन्त सद्य: शौच, तकर बाद दुई वर्ष पर्यन्त दुइ दिनक अशौच होयत अछि । एकरा सँ ऊपर छ: वर्ष धरि छ: दिनक अशौच मानल गेल अछि । वैश्यकलेल सातमासधरि सद्य: शौच, तकरवाद द्विवर्षधरि तीन दिनक अशौच, तकरा सँ ऊपर छ: साल धरि नौ रात्रिक अशौच होयत अछि, छ: सालक बाद ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्यकलेल सम्पूर्ण अशौच तथा, एकादशाहादिक क्रिया करवाक चाही । शूद्रकलेल सातममास धरि सद्य: अशौच, तदनन्तर, दुई वर्ष पर्यन्त पाँच दिनक अशौच एवं शव के भूमिगत करवाक व्यवस्था अछि । एकरा सँ ऊपर सोलह साल पर्यन्त अविवाहित शूद्र के मरने बारह दिनक अशौच तथा सोलह सालक बाद मरने एक मासक अशौच एवं श्राद्धादिक क्रिया करवाक चाही। विवाहित रहला उत्तर पाँच वर्षक बाद 'षडवर्षान्तमतीत' ई अङ्गिराक प्रागुक्त वचन सँ पाँचवर्षक अभ्यन्तरे देश एवं कुलाचारक अनुसार एकमासक अशौच एवं श्राद्धादिक क्रियाक विधान अछि ।

विमर्श:—पुनरङ्गिरावचनमेव—शूद्रे त्रिभिर्वर्षान्न्यूने मृते शुद्धिस्तु पञ्चमि: ।
अत ऊर्ध्वं मृते शूद्रे द्वादशाहो विधीयते ।।

भिन्नगोत्रे कृत्रिमादौ अशौचमाह—

दत्तक कृत्रिमादिपुत्रानभिधाय ब्रह्मपुराणे—

'भिन्नगोत्रा: पृथक्पिण्डा: पृथग्गोत्रकरास्तथा ।
सूतके मृतके चैव त्र्यहाशौचस्य भागिन: ।।'

औरसभिन्नपुत्रेषु मृतेष्वशौचमाह—शुद्धेदित्यनुवृत्तौ विष्णुः—आचार्ये मातामहे अतीते त्रिराते त्रिरात्रेण ।

'अनौरसेषु पुत्रेषु जातेषु च मृतेषु च ।
परपूर्वासु भार्यासु प्रसूतासु मृतासु च ॥'

एतच्च सर्ववर्णविषयम् । विशेषानभिधानात् ।

मनुः— 'गुरोः प्रेतस्य शिष्यस्तु पितृमेधं समाचरन् ।
प्रेतहारैः समं तत्र दशरात्रेण शुध्यति ॥'

अस्यार्थः शुद्धिविवेके । तथा हि—यः शिष्यो वेदाध्येता गुरुकुले तिष्ठन् गुरोः संस्कारं करोति तस्य त्रिरात्रम् । तत्र मनुः—

'त्रिरात्रमाहुराशौचमाचार्ये संस्थिते सति ।'

संस्थिते मृते इति। गुरुलक्षणमाहः—

'अल्पं वा बहु वा यस्य श्रुतस्योपकरोति यः ।'

तमपीह गुरुं विद्यात्' इति ।

बौधायनः—त्रिरात्रमहोरात्रमेकरात्रमिति कुर्वीत आचार्योपाध्यायस्तत्पुत्रेष्विति । अत्र मृतेष्विति शेषः । मातामहे मृते त्रिरात्रमाह बृहस्पतिः—

'त्र्यहं मातामहाचार्यश्रोत्रियेषु शुचिर्नरः ।
मातुले पक्षिणी रात्रिः शिष्यर्त्विग्बान्धवेषु च ॥'

पक्षिणी तु दिनद्वयसहिता रात्रिः 'आगामिवर्त्तमानाहर्युक्तायां निशि पक्षिणी'—इत्यमरकोषात् । तुल्यन्यायात् रात्रिद्वयसहितं दिनमपिपक्षिण्येव । गौतमः—'पक्षिण्यसपिण्डे योनिसंबन्धे सहाध्यायिनि च', मृते इति शेषः । योनिसम्बन्ध्याश्च मातृष्वसृपितृष्वसृमातुलमातुलानि—मातुलपुत्रमातुष्वस्रेयपितृष्वस्रेयदौहित्रभगिनीभागिनेयाः श्वश्रूश्वशुरौ चेति । स्वगृहे मृते मातुले श्वशुरे गुरौ, स्वगृहमृतायां मातृष्वसरि श्वश्र्वां च त्रिरात्रमिति शुद्धिविवेकः । अत्र योनिसंबन्धाश्च मातुलमातृष्वस्रेयपितृष्वस्रेय इति मिताक्षरा । तत्रैव यम इत्यनुवर्त्य— 'मातुले श्वशुरे मित्रे गुरौ गुर्वङ्गनासु च ।
अशौचं पक्षिणी रात्रिर्मृता मातामही यदि ॥' इति ।

तथा—'संस्थिते पक्षिणी रात्रिर्दौहित्रे भगिनीसुते ।' संस्थिते मृते ॥

अथ स्वगृहे कस्मिंश्चिन्मृते गृहस्थस्याशौचमाहाङ्गिराः ।

'गृहे यस्य मृतः कश्चिदसपिण्डः कथञ्चन ।
तस्याप्यशौचं विज्ञेयं त्रिरात्रमिति निश्चयः ॥'

गौतमः—मत्स्यमांसादि न भक्षेयुराप्रदानात् । प्रदानम् आद्यश्राद्धम् । तेन मांसादिभक्षणनिषेधोऽषौचाभ्यन्तरे सर्वसाधारण इति शुद्धिनिर्णयः । आप्रदानाच्छ्राद्धे मांसप्रदानादित्यर्थः इति रत्नाकरः । अशौचप्रकरणे—

मनुः—'मांसाशनं च नाश्नीयुः शयीरंश्च पृथक् क्षितौ ।'

आप्रदानादिति स्वरसात् । मृतकाशौचे एव मांसादिभक्षणनिषेधो न तु जननाशौचे । मार्कण्डेयपुराणे—

'तैलाभ्यङ्गो बान्धवानामङ्गसम्वाहनं च यत् ।
तेन वाऽऽप्यायते जन्तुर्यच्चाश्नन्ति सुबान्धवाः ।।' इति ।

अयं चाभ्यङ्गोऽस्थिसञ्चयनानन्तरमिति वाचस्पतिमिश्राः ।

अथ अशौचान्तिमदिनकर्त्तव्यमाह बृहस्पतिः—

'नवमे वाससां त्यागो नखलोम्नां तदन्तिके ।'

नवम इति अशौचोपान्त्यदिनोपलक्षकम् । ब्रह्मपुराणे—

'यस्य यस्य तु वर्णस्य यद्यत्स्यात्पश्चिमं त्वहः ।
स तत्र वस्त्रशुद्धिं च गृहशुद्धिं करोत्यपि ।।
समाप्य दशमं पिण्डं यथाशास्त्रमुदाहृतम् ।
ग्रामाद् बहिस्ततो गत्वा प्रेतस्पृष्टे च वाससी ।।
अन्त्यानामाश्रितानां च त्यक्त्वा स्नानं करोति च ।
श्मश्रुकेशनखानां च यत्त्याज्यं तज्जहात्यपि ।।'

पश्चिमम् अशौचान्तिमम् । वस्त्रशुद्धिः वस्त्रप्रक्षालनम्, गृहशुद्धिरुपलेपनादिः, पिण्डदानानन्तरं श्राद्धकर्तुर्नखकेशच्छेदनं समाप्य 'दशमं पिण्डमित्यादिस्वरसात् साम्प्रदायिकव्यवहाराच्च, त्याज्यं जहात्यनेनात्याज्यानां कक्षाक्षिकेशानां शिखानां च न त्याग इत्यवगम्यते । अत एव वशिष्ठः—'श्मश्रुकेशनखान् वापयेदक्षिलोमशिखावर्जम्' इति। वपनं केषामित्याहापस्तम्बः—'एषु चोदकदानं तावन्तं कालमनुभाविनां च परिवापनम्' अनुभवन्तीत्यनुभाविनः अनुभवशालिन इति यावत् । अनुभवस्तु सपिण्डादिमरणस्य तेन सपिण्डादिमरणानुभवशालिनां सर्वेषामेव वापनमिति पर्यवसितम् । यत्तु अनु पश्चाद्भावि इत्यनुभाविनः कनिष्ठाः, तेन प्रेतकनिष्ठानामेव वपनमिति वाचस्पतिमिश्रैर्व्याख्यातं तच्च व्यवहारविरोधात्त्याज्यमेव, व्यवहारविरोधानुरोधेन रत्नाकरलिखितमप्युपेक्षितम् । यत्र व्यवहारविरोधो नापततिः । तत्र 'यथारत्नाकरमेव व्यवस्था' इत्यनेन शुद्धिविवेककर्त्रा व्यवहारबलवत्त्वस्योक्तत्वात् ।

मनुः—— 'विगतं तु विदेशस्थं शृणुयाद्यो ह्यनिर्दशम् ।
यच्छेषं दशरात्रस्य तावदेवाशुचिर्भवेत् ।।'
अतिक्रान्ते दशाहे तु त्रिरात्रमशुचिर्भवेत् ।
संवत्सरे व्यतीते तु स्पृष्ट्वैवापो विशुद्ध्यति ।।'

गौतमः—— 'श्रुत्वा चौर्ध्वं दशम्याः पक्षिणी इति ।

देवलः—— 'ऊर्ध्वं संवत्सरार्द्धात्तु श्रुयते चेन्मृतः स्वकैः ।
भवेदेकाहमेवात्र तच्च संन्यासिनां न तु ।।

अयमत्र भावः——अशौचाभ्यन्तरे मरणश्रवणेऽवशिष्टाऽशौचदिनं यावदशुद्धिः । अशौचान्तिमदिनानन्तरं षण्मासाभ्यन्तरं मरणश्रवणे त्रिरात्रम् । षण्मासानन्तरं नवममासपर्यन्तं पक्षिणी । तदनन्तरं वर्षं यावदेकाहोरात्रम् वर्षानन्तरं स्नानोदकदानपर्यन्तमेवाशौचम् इति सर्ववर्णानां संपूर्णाशौचविषयम् ।

असम्पूर्णत्र्यहाद्यशौचे तु अशौचाभ्यन्तरे मरणश्रवणेऽवशिष्टाशौचकालेन तादृशाशौचकाले व्यतीते तु स्नानोदकदानमात्रेण शुद्धिः ।

तथा हि याज्ञवल्क्यः——'प्रोषिते कालशेषः स्यात्पूर्णे दत्त्वोदकं शुचिः ।'

इति त्रिरात्रादावशौचकाले व्यतीतेऽशौचाभाव एव इति (शुद्धिविवेके) रुद्रधरः । जननाशौचाभ्यन्तरे जननश्रवणेऽवशिष्टाशौचकाले व्यतीते शुद्धिः । तदशौचानन्तरे जननश्रवणेऽशौचाभावः ।

नाशौचं प्रसवस्यास्ति व्यतीतेषु दिनष्वपि ।' इति देवलात् । षष्टियोजनानन्तरदेशौ देशान्तरं षष्टियोजनाभ्यन्तरेऽपि भाषाभेदगिरिमहानद्येतावत्समुदायव्यवहितदेशो देशान्तर एव तादृशदेशान्तरयोर्मृते सपिण्डानामपि सद्यःशौचमेव । तदाह पैठीनसिः——'देशान्तरमृतस्य सद्यःशौचम्' सपिण्डस्यापीति शेषः । अत्र रुद्रधरोपाध्यायाः——गिर्यादिव्यवधानाभावेऽपि शास्त्रीयः षष्टियोजनानन्तरे प्रयागे मृतस्य तीरभुक्तिदेशस्थितं प्रति देशान्तरमृतत्त्वव्यवहारः । प्रामाणिकास्तु——त्रिंशद्योजनानन्तरे काश्यां मृतस्य गिर्यादिसमुदायव्यवधानाभावात् तीरभुक्तिदेशस्थितिं प्रति न देशान्तरमृतत्त्वव्यवहार इति प्राहुः । एतच्च दिक् प्रदर्शितम् । तेन यत्रैतादृशानन्तर्यम् एतादृशसमुदायाव्यवधानं वा तद् देशे देशान्तरत्वाद् देशान्तरत्वमिति पर्यवसितम् ।

मृतस्य त्रिविधा क्रिया पूर्वा मध्यमा उत्तरा चेति । तत्र दाहमारभ्याशौचान्तिमदिनपर्यन्तकर्त्तव्यक्रिया पूर्वा, एकादशाहसपिण्डनान्तक्रिया मध्यमा । तदुत्तरैकोद्दिष्टादिरूपोत्तरा । तत्र पितृमातृसपिण्डादयः पूर्वां क्रियां कुर्युः । मध्यमायामनियमः । उत्तरां च न कुर्युः । पुत्रपत्नीसोदरभ्रातापिताभातृपुत्राः, एते चोत्तरक्रियायामप्यधिकारिणः ।

'पितृमातृसपिण्डैस्तु समानसलिलैस्तथा ।
तत्संघातान्तर्गतैर्वाऽपि राज्ञा वा धनहारिणा ।।

हिन्दी—गोत्र से अलग कल्पित या गोद लिए लोगों के लिए अशौच कहा गया है दत्तक या कल्पित आदि पुत्रों को ध्यान में रखकर ब्रह्मपुराण का कथन है—अलग गोत्र वाले, अलग पिण्ड वाले तथा अलग कर्म करने वाले लोगों को मात्र तीन दिनों का ही जन्माशौच या मरणाशौच होता है । अपने वास्तविक पिता के वीर्य से उत्पन्न वैधपुत्र से भिन्न पुत्रों के लिए मरणाशौच कहा गया है 'शुद्धचेत्' इत्यादि की अनुवृत्ति में विष्णुपुराण का कथन है—गुरु एवं मातामह के मरने पर त्रिरात्र का अशौच होता है । और सभिन्न पुत्रों में जननाशौच या मरणाशौच होने पर पूर्वापर पत्नी के लिए प्रसूति होने पर या मरने पर त्रिरात्र का ही अशौच होता है ।

कुछ विशेष कथन नहीं होने के कारण यह कथन सभी वर्णों के लिए है । मनु का वचन है—गुरु के मरने पर शिष्य वैदिक रीति से उनकी अन्त्येष्टि क्रियादि करते हुए मुरदा उठाने वाले मृतक के नातेदार की तरह दश रात्रि के बाद शुद्ध होते है । इसका अर्थ शुद्धिविवेक में कहा गया है— जैसे कि, वेद का अध्ययन करने वाला जो शिष्य गुरु के आश्रम में रहते हुए गुरु की अन्त्येष्टि में भाग लेता है, उसे त्रिरात्र का अशौच ही होता है । इस संदर्भ में मनु का कथन है—'गुरु के मरने पर शिष्य को त्रिरात्र का अशौच होता है ।' यहाँ संस्थिते का अर्थ मरने पर है । गुरु का लक्षण है—थोड़ा या अधिक वेद का जिसने उपदेश दिया, संसार में उसे भी गुरु ही जानना चाहिए । बौधायन—आचार्य या उपाध्याय एवं उनके पुत्र के मरने पर तीन रात का, एक दिन और एक रात का, या एक रात का क्रमश: अशौच होता है । यहाँ मरने पर यह 'शेष' है । मातामह (नाना) के मरने पर त्रिरात्र का अशौच होता है । बृहस्पति का वचन है—मातामह; आचार्य एवं श्रोत्रियों की मृत्यु होने पर मनुष्य तीन दिनों में पवित्र होता है । मामा के मरने पर या सहाध्यायी के मरने पर पक्षिणी अर्थात् आगे—पीछे दो दिनों के बीच की रात, की अवधि का अशौच होता है ।

पक्षिणी का अर्थ दो दिनों के साथ एक रात । अमर कोष में लिखा है—'आगामी और वर्त्तमान दिनों के बीच की रात को पक्षिणी कहते हैं । तुल्य न्याय से दो रातों के बीच के दिन को भी पक्षिणी ही कहते हैं । गौतम का वचन है—पक्षिणी अशौच असपिण्ड में, योनिसम्बन्ध में, साध्यायियों में होता । मृत शब्द यहाँ शेष है । योनिसम्बन्धी होते हैं—मौसी, बूआ, मामा, मामी, ममेरा भाई, मौसेरा भाई, फुफेरा भाई, नाती, भगिनी, भगिना, सास और

ससुर । अपने घर में मरे मामा ससुर और गुरु तथा अपने घर में मरने पर मौसी, सास के लिए त्रिरात्र में शुद्धि का विधान है । शुद्धिविवेक में लिखा है । यहाँ योनिसम्बन्धी में मामा, मौसी और बूआ का उल्लेख मिताक्षरा में है । वहाँ ही यम का अनुवर्चन कर—

मामा, ससुर, मित्र, गुरु और गुरु-पत्नी एवं मातामह के मरने पर पक्षिणी अशौच होता है । इति । और नाती एवं भांजे के मरने पर भी पक्षिणी अशौच ही होता है । संस्थिते अर्थात् मरने पर । अपने घर में किसी व्यक्ति के मरने पर गृहस्थों के लिए अङ्गिरा ने कहा है—

जिसके घर में किसी प्रकार किसी भी अपने कुल या वंश से भिन्न व्यक्ति की मृत्यु हो तो उस गृही को निश्चित्त रूप से तीन रात का अशौच होता है ।

गौतम का कथन है—प्रथम श्राद्ध तक उसे मांस और मछंली नहीं खाना चाहिए । प्रदान अर्थात् आद्यश्राद्ध इससे सर्वसाधारण के लिए भी अशौच काल के भीतर मांसादि भक्षण का निषेध शुद्धि निर्णय में कहा गया है । आप्रदानात् श्राद्धे अर्थात् मांस प्रदान, यह रत्नाकर का कथन है ।

अशौच प्रकरण में मनु—मांस, भोजन एवं धरती पर से अलग शयन नहीं करना चाहिए । आद्यश्राद्ध तक इस कथन से मरणाशौच में ही मांसादि भक्षण का निषेध है न कि जननाशौच में । मार्कण्डेयपुराण में कहा गया है—शरीर में तेल की मालिश या हाथ पैर दबवाने, या बान्धव जो कुछ भोजन करते हैं, उससे जीवात्मा प्रसन्न होती है । वाचस्पति मिश्र का कहना है यह तेल की मालिश अस्थि सञ्चय के बाद ही करनी चाहिए । अशौच के अन्तिम दिन का कर्त्तव्य बृहस्पति ने कहा है—नौवे दिन वस्त्र का परित्याग करना चाहिए, उसके अन्तिम दिन नखबाल कटवाना चाहिए । 'नवम' अशौच के अन्तिम दिन के एक दिन पूर्व का बोधक है । ब्रह्मपुराण में—

जिस किसी वर्ण का अशौच का जो भी अन्तिम दिन हो, उसी दिन वह वस्त्र प्रक्षालन करे और उसी दिन घर की लीपापोती या साफ सफाई भी करनी चाहिए । शास्त्र के कथनानुसार दशमा पिण्ड अर्थात् अन्तिम पिण्डदान कर गांव से बाहर जाकर प्रेतस्पर्शी वस्त्रों को छोड़ देना चाहिए तथा स्नान करना चाहिए । अत्याज्य केशों को छोड़कर जो त्याज्य है वैसे दाढ़ी, मूँछ, केश एवं नखों को कटवा लेना चाहिए ।

पश्चिमम् अर्थात् अशौच का अन्तिमदिन । वस्त्र शुद्धि: = वस्त्र का प्रक्षालन, गृह शुद्धि: = घर की लिपापोती । पिण्डदान्न के बाद श्राद्ध कर्त्ता

नखबाल कटवाकर 'दशमपिण्ड' इत्यादि कथन से तथा साम्प्रदायिक व्यवहार से भी 'त्याजंजहाति' इससे काँख और आँख के बाल तथा शिखादि का त्याग होना चाहिए, इस अर्थ का बोध होता है । इसीलिए वशिष्ठ ने कहा है— आँख और शिखा के बालों को छोड़कर, दाढ़ी, मूँछ और सिर के बाल तथा नाखूनों को कटवाना चाहिए ।

बाल किसे कटवाना चाहिए? इस पर आपस्तम्ब का कथन है—और इनमें जल तर्पण करने वाले वंशधर और अन्तकाल के अनुभव शालियों को बाल कटवाना चाहिए । अनुभव करने वाले अनुभवी होते हैं अर्थात् अनुभवशाली । अनुभव तो सपिण्डादि के मरने का ही होता है । इससे तो सपिण्डादि मरण के अनुभवशालियों को अर्थात् उन सबों को बाल कटवाना चाहिए ।

वाचस्पति मिश्र ने 'अनुभाविन' की व्याख्या अनु पश्चात् भावि अर्थात् पीछे जन्म लेने वाले मृतात्मा के छोटे भाई अर्थ किया है तथा इस व्युत्पत्ति के अनुसार केवल मृतात्मा के छोटे भाई को ही बाल कटवाना चाहिए' व्यवहार विरोधी होने के कारण यह व्याख्या ग्राह्य नहीं है । व्यवहार विरोध के अनुरोध से रत्नाकर ने जो मिश्र जी का समर्थन किया है, वह भी अग्राह्य है । जहाँ व्यवहार विरोध की आपत्ति नहीं होती, वहाँ रत्नाकर द्वारा प्रदत्त व्यवस्था सर्वत्र स्वीकार्य है । शुद्धिविवेक कर्त्ता ने भी अपने ग्रन्थ में व्यवहार को बलवत्तर कहा है । इस सन्दर्भ में मनु का कथन है—

दशरात्र के भीतर विदेश में रहने वाले किसी व्यक्ति की मृत्यु की सूचना मिलने पर दशरात्र में जितने दिन शेष हो, उतने ही दिनों का अशौच होता है । यदि दशरात्र बीत जाने पर सूचना मिले तो उसे तीन रात का ही अशौच होता है । यदि एक साल बीत जाने पर सूचना मिले तो मात्र जलस्पर्श अर्थात् स्नान करके ही पवित्र हो जाता है ।

गौतम—दश रात बीत जाने के बाद यदि सूचना मिले तो पक्षिणी अर्थात् दो दिनों के बिच की रात तक ही अशौच होता है ।

देवल—छः महीने के बाद किसी आप्तजन की मृत्यु की सूचना मिले तो उसे एक दिन का अशौच होता है । यह अशौच संन्यासियों के लिए नहीं है । इन वचनों का भावार्थ यह है—अशौच के भीतर मृत्यु की सूचना मिलने पर जितने दिन अशौच शेष हो उतने ही दिनों का अशौच होता है । अशौच के अन्तिम दिन के बाद तथा छः महीने के भीतर मृत्यु की सूचना मिलने पर त्रिरात्र का अशौच होता है । छः महीने के बाद और नौ महीने के भीतर मरण

की सूचना मिलने पर पक्षिणी अशौच का विधान है । उसके बाद एक साल तक मौत की जानकारी मिलने पर एक दिन और एक रात का अशौच होता है । एक साल के बाद मरण सूचना मिलने पर स्नान एवं तर्पण तक ही अशौच होता है । यह सभी वर्णो के लिए सम्पूर्ण अशौच का विषय है ।

बिना अशौच की पूरी अवधि समाप्त किये तीन दिन प्रभृति के अशौच में अशौच की अवधि के भीतर मरण की सूचना मिलने पर बचे हुए अशौच काल की समाप्ति पर अशौच समाप्त हो जाता है । ऐसे अशौच काल बीत जाने पर स्नान एवं तर्पण मात्र से शुद्धि होती है । उदाहरण स्वरूप याज्ञवल्क्य का कथन—देशान्तर में यदि किसी की मृत्यु हो जाय तो समय पूरा होने पर जल दान कर शुद्धि प्राप्ति होती है ।

त्रिरात्र आदि का अशौच काल बीत जाने पर अशौच नहीं होता, ऐसा शुद्धि विवेक का कथन है । जन्माशौच के भीतर कुछ काल बीत जाने पर सूचना मिले तो बचे हुए अशौच काल बीत जाने पर शुद्धि होती है । जन्माशौच की अवधि समाप्त हो जाने पर, जनन की सूचना मिले तो कोई अशौच नहीं होता ।

देवल के अनुसार—'समय बीत जाने पर जन्माशौच नहीं होता है' साठ योजन (चार कोस या आठ मील का एक योजन) के बाद का देश देशान्त या विदेश कहलाता है । साठ योजन के भीतर रहने पर भी यदि भाषा भेद हो या पर्वत समूह अथवा महा नदी का कोई व्यवधान हो तो वह भी देशान्तर ही कहलाता है । ऐसे देशान्तर में मृत सपिण्डियों का भी सद्यःशौच ही होता है ।

इस सन्दर्भ में पैठानसि ने कहा है—देशान्तर में मरने वालों के वंशघरों को भी सद्यःशौच ही होता है । इस सन्दर्भ में रुद्रधर उपाध्याय का कहना है—पर्वतादि के व्यवधान नहीं रहने के बावजूद भी शास्त्रीय दृष्टि से साठ योजन की दूरी होने कारण प्रयाग में मृतव्यक्ति के तीरमुक्ति अर्थात् मिथिलाञ्चल में अवस्थित आप्तजनों के प्रति देशान्तर में मरे हुए की तरह ही तो व्यवहार होता है ।

प्रामाणिकतो—तीस योजन के अनन्तर काशी में मृत व्यक्ति का पर्वत समूहादि का व्यवधान नहीं रहने पर भी मिथिलाञ्चल में अवस्थित आप्तजनों के प्रति देशान्तर में मृत की तरह व्यवहार नहीं होता है । यह तो अल्पमात्र निर्देश है । इससे जहाँ ऐसी व्यवधान शून्यता हो अथवा ऐसे समुदाय का अव्यवधान हो उस देश में देशान्तरत्व से देशान्तर का बोध होता है ।

मृत व्यक्ति की तीन प्रकार की क्रिया होती है—पूर्वा, मध्यमा और उत्तरा। इनमें दाह संस्कार से लेकर अशौच के अन्तिम दिन तक की क्रिया पूर्वा क्रिया हुई। एकादशाह से लेकर सपिण्डन तक की क्रिया मध्यमा हुई और उसके बाद एकोद्दिष्टादिक क्रिया उत्तमा हुई। यहाँ माता-पिता एवं सपिण्डादि के लिए पूर्वा क्रिया करनी चाहिए। मध्यमा में कोई नियम नहीं है। पुत्र-वधू, सहोदर भाई और भतीजे भी उत्तरा क्रिया के अधिकारी हैं। माता, पिता एवं वंशधर तथा जल तर्पण के समान अधिकारी या इस समूह के अन्तर्गत आने वाले व्यक्ति, राजा या धन लेने वाले लोग इस क्रिया के अधिकारी माने गये हैं।

मैथिली—भिन्नगोत्र में एवं कृत्रिमादि पुत्र में अशौच कहलगेल अछि—

दत्तक एवं कृत्रिमादि पुत्र के ध्यान में राखि ब्रह्मपुराण में कहलगेल अछि—असगोत्रीय, भिन्न पिण्ड एवं अपनकुल से बाहर लोकनि जन्माशौच या मरणाशौच में मात्र तीन दिनक अशौचक भागी होयत छथि। औरस भिन्न पुत्रलोकनिमें मरणाशौचक विषय में 'शुद्धयेत्' ई पदक अनुवृति में विष्णुपुराण में कहलगेल अछि—आचार्य एवं मातामहक मरणोपरान्त मात्र तीन दिनक अशौच होयत अछि। 'दत्तक पुत्र में एवं परपूर्वा पत्नी में जननाशौच एवं मरणाशौच मात्र रात्रिकलेल होय। ई विधान सभवर्णकलेल अछि। कियेकतऽ वचन में कहौ 'विशेष' क उल्लेख नहि अछि। मनुक वचन अछि—

मृत गुरुक अन्त्येष्टि कर्म करैत शिष्य मृतात्वाक शव उठाकय दाहसंस्कार में सम्मिलित हो निहार आप्त लोकनि जकाँ दश रात्रि में शुद्ध होयत छथि। शुद्धिविवेक में एकर अर्थ एना कयने छथि—जेना, वेदक अध्ययन क्रम में जे शिष्य गुरुकुल में निवास करैत गुरुक दाह संस्कार करथि, हुनकलेल त्रिरात्रक अशौच कहलगेल अछि।

मनुक कथन छैन्हि—'आचार्यक मरणोपरान्त तीन रात्रिक अशौच कहलगेल अछि' संस्थिते = मरलाउत्तर। गुरुक लक्षण कहलगेल अछि—अल्प अथवा अधिक वेदक जे उपदेश करथु, हुनको गुरुजानी। बौधायन—आचार्यक मरणोपरान्त त्रिरात्रक, उपाध्यायक मरला उत्तर एक दिन एवं एक रात्रिक तथा हुनक पुत्रक मृत्यु भेने एक दिनक अशौच होय। 'मृतेषु' ई पद अहिठाम शेष ऊछि। मातामहक मरला पर बृहस्पति त्रिरात्रक अशौच कहने छथि।

मातामह, आचार्य, श्रोत्रिय ब्राह्मणक मृत्यु भेने त्रिरात्रक बाद शुद्धिहोय माता, शिष्य एवं ऋत्विज् बान्धवक मरने पक्षिणी अशौच होय। दिनद्वय सहित रात्रि पक्षिणी भेल। अमरकोष में लिखल अछि 'वर्त्तमान दिनक बाद रात्रि एवं रात्रिक बाद आगामी दिन सहितक अवधि 'पक्षिणी' होयत अछि। तुल्य न्याय स दुइ रातिक मध्यवर्त्तीदिन, सेहो पक्षिणी कहवैत अछि।

गौतम = पक्षिणी अशौच अन कुल या वंश सँ बाहरक लोकनि, योनि सम्बन्धी तथा सहाध्यायीकलेल होयत अछि । 'मृत' शब्द अहिठाम शेष अछि । योनिसम्बन्धी भेलाह—मौसी, पिसी, माम, मामी, ममियौत भांय, मौसियौत भांय, पितियौत भांय, नाती, बहिन, भागिन, ससुर एवं सास । अपन घरऽ में भांय, ससुर एवं गुरुक मरने, अपन घर में मरल मौसी सासकलेल त्रिरात्रक अशौच व्यवस्था शुद्धिविवेक में अछि । मिताक्षराक अनुसार योनि सम्बन्धी माम, मौसियोत भांय, तियौत भांय मात्र मानलगेल अछि ।

अहीठाम यमक अनुवर्त्तन कय—माम, ससुर, मित्र, गुरु एवं गुरुक पत्नी एवं मातामहक करने पक्षिणी अशौच होय । तथा—'नाति एवं भागिन के मरने पक्षिणी अशौच होय ।' संस्थितेक अर्थ मरला उत्तर । अपन घर में ककरो मरने गृहस्थकलेल अशौच अङ्गिरा कहने छथि—ककरो घरऽ में यदिक्यो कोनो स्थिति में मरय तऽ गृहपतिकलेल त्रिरात्रक अशौचक विधान अछि ।

गौतम—आदि श्राद्ध धरि माछ एवं मांसादि नहि खयवाक चाही । प्रदानक अर्थ आदि श्राद्ध ताँय शुद्धिनिर्णय में अशौचक अभ्यन्तर में सर्वसाधारणकलेल मांसादि भक्षणक निषेध कयलगेल अछि । रत्नाकरक अनुसार आप्रदान से श्राद्ध में मांस प्रदान अर्थ होयत अछि । अशौच प्रकरण में मनुक कथन छैन्हि—धरती सँ पृथक् शयन एवं मांसादिक भोजन नहिं करवाक चाही । आप्रदानात् अर्थात् आद्यश्राद्धपर्यन्त ई कथनक बल सँ मरणाशौचे में मांसादि भक्षणक निषेध अछि जननाशौच में नहि । मार्कण्डेयपुराण में—बान्धवलोकनिक शरीर में तेलक लेप तथा हाथ पैर जतायत एवं सुभोजन से मृतात्मा सन्तुष्ट होयत छथि ।

वाचस्पति मिश्रक विचारे ई तैलाभ्यङ्ग अस्थि सञ्चयनक वादे हयवाक चाही । आव अशौचक अन्तिम दिनक कर्त्तव्य बृहस्पतिकहने छथि—'नवम दिन वस्त्रक त्याग करी तकर अन्त में नख केश कटयवाक चाही' नवम शब्द अशौचक उपान्त्य दिनक उपलक्षक अछि । ब्रह्मपुराण में—जाहि वर्णक जे अशौचक अन्तिम दिन होय ताहि दिन वस्त्र एवं गृह शुद्धि करवाक चाही । शास्त्रानुसार दशमपिण्ड समाप्कय ग्राम सँ बाहरजाय अन्त्य एवं आश्रित जनकलेल प्रेतस्पृष्ट वस्त्रक परित्याग करि स्नान करी । तत्पश्चातृ त्याज्य केश छोरि दाढ़ी, मूँछ एवं माथक केश तथा नख कटालेवाक चाही ।

पश्चिमम् अर्थात् अशौचक अन्तिम दिन वस्त्रशुद्धिः अर्थात् वस्त्रक प्रक्षालन गृह शुद्धिक अर्थ भेल गोबर माटि सँ नीपव या जल से धोयत । पिण्डदानक बाद श्राद्धकर्त्ता ना केश कटाय 'दशमपिण्डमिल्यादि' वचनक बले एवं साम्प्रदायिक व्यवहार जेना होय तहिना शुद्धि करवाक चाही । 'त्याज्यं जहाति' एकर तात्पर्य ई भेल काँखक केश, आँखिक केश एवं शिखक केश त्यागि अनयकेश कटयवाक चाही ।

अत एव वशिष्ठक कथन छैन्हि—जे कँखौरी, आँखिक पिपनी एवं शिखा त्यागि दाढ़ी, मूँछ, माथक केश एवं नख कटयवाक चाही । केश ककरा कटयवाक चाही अहि सन्दर्भ में आपस्तम्बक कथन अछि—पितरनिमित्तक तर्पणक अधिकारी वर्ग एवं अन्तिम संस्कारक अनुभवी लोकनिके नख केशकटयवाक चाही । अनुभव जे करथि से अनुभावी भेलाह अर्थात् अनुभव शाली लोकनि । सपिण्डादि लोकनिक मुइला उत्तर अनुभव होयत अछि, ताँय, सपिण्डादिलोकनिक मरणानुभवशालीलोकनिके केश नख कटयवाक चाही, एतवहि एकर तात्पर्य भेल । वाचस्पति मिश्र एकर व्याख्या करयने छथि—अनु पश्चात् भावि होनिहार अर्थात् छोट भाय तातपर्य ई की मात्र मृतात्माक कनिष्ठ भ्राते के केशादि वपन करयवाक चाही । मुदा ई व्याख्या व्यवहार विरोधी भेने स्वीकार्य नहि अछि । व्यवहारविरोधी भेने रत्नाकरक व्याख्या सेहो उपेक्षिते अछि। जाहिठाम व्यवहारक विरोध नहिं होयत अछि ताहिठाम रत्नाकरेक व्यवस्था मान्य होयत अछि । शुद्धिविवेक कर्त्ता अपन ग्रन्थ में व्यवहार के बलक्तर कहने छथि । मनुक कथन छैन्हि—

अशौचक दशदिन जकर नहि बीतल होय, एहन विदेशस्थ कोनो व्यक्तिक मृत्युक सूचना भेटय तऽ दशदिन में जे वांचल दिन होय ओतवहि दिन धरि अशौच होय । यदि अशौचक दशोदिन व्यतीत भऽ गेला उत्तर सूचना भेंटय तऽ त्रिरात्रक अशौच मानल जाय । यदि एक वर्ष व्यतीत भेलाक बाद सूचना भेट तऽ जल स्पर्श मात्रे शुद्धि होय ।

गौतम—'मुइलाक दश दिनक बाद सूचनाभेटने पक्षिणी शुद्धिहोय ।' देवल—छः मासक बाद यदि कोनो आत्मीय लोकनिक मृत्यु सूचना प्राप्त होयतऽ मात्र एक दिनक अशौच होय सेहो सन्यासी लोकनिकलेल नहि ।

अहि सबटा वचनक भाव ई अछि—अशौचक अभयन्तर मरणक सूचना भेटने अवशिष्ट जे दिन होय ओतवहि दिन में शुद्धि होय । अशौचक अन्तिम दिनक बाद एवं छः मासक अभ्यन्तर मुइलाक सूचना भेंटला उत्तर मात्र त्रिरात्रक अशौच होय । छः मासक बाद एवं नवममासक अभ्यन्तर मइलाक सूचना भेटेने पक्षिणी अशौच होय । तकरबाद एक वर्ष पर्यन्त मरणसूचना भेटने एक दिन रातिक अशौच होय । एक वर्ष बीत गेलाक बाद सूचना भेंटने मात्र स्नान एवं तर्पण धरि अशौच होय, ई सबटा वर्ण कलेल सम्पूर्ण अशौचक व्यवस्था कहल गेल अछि ।

असम्पूर्ण तीन दिन प्रभृतिक अशौच में, यदि अशौचक अभ्यन्तरे मुइलाक सूचना भेंटयतऽ अवशिष्ट अशौच काल समाप्त भेला उत्तर स्नान एवं तर्पण मात्रे सँ शुद्धि होय । जेना याज्ञवल्क्य—विदेश में रहला उत्तर अशौचक सूचना भेंटला उत्तर यदि किछु समय बँचल होय तऽ ओकरापूर्ण भेला पर जल तर्पणक बाद शुद्धि होय ।

त्रिरात्रादिक अशौच काल व्यतीत भऽगेला उत्तर शुद्धि विवेक में अशौचाभावे कहलगेल अछि । जन्माशौचक अभ्यन्तर यदि कोनो दोसरजन्माशौच सुनल जाय अवशिष्ट अशौच बीतलाक बाद शुद्धि भऽ जाय । ताहि अशौचक अभ्यन्तर आनक जन्म सुनने अलग अशौच नहि होय ।

'प्रसवक अशौच बीतल दिनक नहि होय' ई देवलक वचन अछि । साठि योजनक बाद (चारिकोस या आठमील एक योजन होयत अछि) आनदेश कहवै अछि । साठि योजनक अभ्यन्तरो भाषाभेद, पर्वत शृंखला, महानदी प्रभृतिक व्यवधान भेने देशान्तरे कहवैत अछि । अहि दुहू तरहक देशान्तर में मुइने सपिण्डीलोकनिके सद्य: शौचे होय । पैठीनसिक वचन अछि—देशान्तर में मृतक बन्धुलोकनिके सद्य: शौचे होय । अहिठाम रुद्रधरोपाध्यायक कथन छैन्हि—

पर्वतादिक व्यवधान नहियो रहला उत्तर शास्त्रीय साठि योजनक अन्तर रहित प्रयाग में मुइललोकक तिरहत में अवस्थित लोकनि देशान्तर में मुइल जकाँ व्यवहार करैत छथि । प्रामाणिक लोकनि—तीस योजनक अनन्तर काशी में मृतलोकनिक पर्वतादिसमुदायक व्यवधान नहियो रहला उत्तर मिथिलाञ्चलक लोकनि देशान्तर में मृतजकां व्यवहार करैत छथि । ई संक्षेप में कहलगेल अछि । एकरा सँ जाहिठाम एहन व्यवधान रहित आसन्नता अथवा तेहन समुदायक व्यवधान नहि होय अथवा ताहि देश में देशान्तरत्व भेने आनदेशक बोध होय ।

मृतकक तीन तरहक क्रिया होयत अछि—पूर्वा, मध्यमा एवं उत्तमा । दाह सँ लऽके अशौचक अन्तिम दिन पर्यन्तक कर्त्तव्य क्रिया पूर्वाक्रिया भेल एकादशाह सँ लऽके सपिण्डान्त क्रिया मध्यमाभेल, एकरबाद एकोद्दिष्ट प्रभृति उत्तरा क्रिया भेल । अहि में माता, पिता एवं सपिण्डादिकऽ पूर्वा क्रिया करवाक चाही । मध्यमाकलेल कोनो नियम नहि अछि । उत्तरा क्रिया नहिकरी । पुत्र-पत्नी, सोदर भांय, पिता, भातीज ई सब उत्तराक्रियाक सेहो अधिकरी अछि । पिता माता एवं वँशधर तथा जल तर्पणक समान अधिकारी अथवा अहि समूहक अन्तर्गत आवय वाला व्यक्ति राजा या धनहारी व्यक्ति ई क्रियाक अधिकारी होयत छथि ।

विमर्श:—पितृकर्मनिर्णये पण्डितत्रिलोकनाथमिश्रेण—'तत्र विगोत्रा: द्विविधा—आसन्नविगोत्रा अनासन्नविगोत्राश्चेति । तत्र यौनसम्बन्धो विद्यासम्बन्धश्च । हेतुस्तेष्वथा । सम्बन्धिनो बन्धवश्च कथ्यन्ते तदितरे च संसर्गिण: ।'

नैमित्तिकं क्षौरं निषिद्धकालेऽपि कर्त्तव्यम्—

'क्षौरं नैमित्तिको कार्यं निषेधे सत्यपि ध्रुवम् ।
पित्रादि मृति यात्रासु प्रायश्चित्ते च तीर्थके ।। इति ।

तत्र निषिद्धकालस्तु— 'रव्या सौरवारेषु रात्रौ पाते व्रताहनि ।
श्राद्धाह: प्रतिपद्रिक्षा भद्रा क्षौरेषु वर्जित: ।।'

अथ श्राद्धाधिकारनिर्णयः

पूर्वाः क्रियास्तु कर्त्तव्याः पुत्राद्यैरेव चोत्तराः ।।' इति विष्णुपुराणात् । अथाधिकारिपौर्वापर्यक्रमः । तत्र प्रथमम् औरसः, तदभावे पुत्रिकापुत्रः (दौहित्रः) तयोरभावे क्षेत्रजादिदशपुत्रा मनूक्तक्रमेणाधिकारिणस्तथा हि—

मनुः— 'औरसः क्षेत्रजश्चैव पुत्रिकापुत्र एव च ।
कानीनश्च सहोढश्च गूढोत्पन्नस्तथैव च ।।
पौनर्भवोऽपविद्धश्च दत्तः क्रीतः कृतस्तथा ।
स्वयं चोपगतः पुत्रा द्वादशैते प्रकीर्त्तिताः ।।'

औरसेष्वपि बहुषु सत्सु सर्वपुत्रानुमतो ज्येष्ठ एव श्राद्धाधिकारी। तदाह मरीचिः— 'मृते पितरि पुत्रेण क्रिया कर्या प्रयत्नतः ।
बहवः स्युर्यदा पुत्राः पितुरेकत्रवासिनः ।।
सर्वेषां तु मतं कृत्वा ज्येष्ठेनैकेन यत्कृतम् ।
द्रव्येण चाविभक्तेन सर्वैरेव कृतं भवेत् ।। इति ।

अत्र सर्वेषामेवानुमतिर्द्रव्यार्पणद्वारा श्राद्धनिष्पादने प्रत्यवायपरिहारादिति फलसिद्धिः । सत्यप्यधिकारे न पृथगनुष्ठानं वचनाभावादित्यर्थः । एवं च यत्र देशान्तरादौ अनुमतिद्रव्यश्लेषयोरभावस्तत्र पृथगेव श्राद्धम्। अन्यथा प्रत्यवायपरिहारो न स्यादिति शुद्धिविवेकः । यत्तु—

'पृथक् नैव सुताः कुर्युः पृथग्द्रव्या अपि क्वचित् ।'

इति लघुहारीतवचनं तत्सर्वेषामनुमतौ द्रव्यसंश्लेषे च पृथक्करणनिषेधकम् । बृहस्पतिः—

'अनेकधाकृताः पुत्राः ऋषिभिर्यैः पुरातनैः ।
न शक्यतेऽधुना कर्तुं शक्तिहीनैरिदन्तनैः ।।'

इदन्तनैः कलियुगस्थैः । कलिधर्मप्रस्तावे पराशरः—

'औरसः क्षेत्रजश्चैव दत्तः कृत्रिमिकः सुतः ।'

कर्त्तव्य इति शेषः । अत्र क्षेत्रजपदमौरसविशेषणमिति पुत्रमीमांसायां नन्दपण्डितः। तथा च कलौ औरसदत्तककृत्रिमपुत्राः कर्त्तव्याः । पुत्रिकापुत्रोऽपि कर्त्तव्यः औरससमत्त्वात् । औरससमत्वमाह याज्ञवल्क्यः—'तत्समः पुत्रिकापुत्रः' इति तत्पदमौरसपरम् । एतच्चतुष्टयभिन्नाः पुत्रा न कर्त्तव्या द्विजैः कलौ । शूद्रैस्तु पौनर्भवा अपि पुत्राः कर्त्तव्याः । अत एव शूद्रस्य त्वनूढभार्याजातस्य पुत्रस्य पितृश्राद्धे पौनर्भवत्वादधिकारः इति । अनूढशूद्राजातस्य पुत्रस्य जनकशूद्रश्राद्धादावतितरामधिकारः यत्र च शूद्रस्य विवाहिता भार्या, तथाविधः

पुत्रश्च तत्रापि स पुत्र एवाधिकारीति शुद्धिविवेककारा लिखन्ति स्म । स पुत्र एवानूढभार्याजातः पुत्र एव इत्यर्थः । शूद्रस्यानूढभार्याऽविवाहितैव, अत एव 'शूद्रस्य द्वे भार्ये ऊढानूढे' इति स्मृतिसारेऽभिहितम् । पुत्रसामान्याभाव एवौरसभिन्नपुत्रकरणम्—

'अपुत्रेण सुतः कार्यो यादृक्तादृक्प्रयत्नतः ।
पिण्डोदकक्रियाहेतोर्नामसङ्कीर्तनस्य च ॥' इति वचनात् ।

अपुत्रेण द्वादशविधपुत्ररहितेन इति रत्नाकरः । नन्वेवं तर्हि विद्यमान एव युधिष्ठिरपुत्रे पाण्डुर्भीमसेनादीन् क्षेत्रजान् कथमकरोदिति चेत्? ते देवकल्पा— स्तेषामाचारो न करणीयो न वा निन्दनीयः ।

'कृतानि यानि कर्माणि दैवतैर्मुनिभिस्तथा ।
नाचरेत्तानि धर्मात्मा श्रुत्वा चापि न कुत्सयेत् ॥' इति ।

पुत्रमीमांसाधृतवचनात् । कृत्रिमपुत्रानन्तरमौरस उत्पन्ने कनिष्ठोऽपि औरस एव ज्येष्ठः, स एवं श्राद्धाधिकारी ज्येष्ठत्वात् ।

'औरसे पुनरुत्पन्ने ज्यैष्ठ्यं तेषां निवर्तते ।'

इति वचनात् तेषां कृत्रिमादीनामित्यर्थः । अत्र क्रोडपत्रम्— 'अपुत्रेण सुतः कार्यः' इत्यस्य प्रागुक्तवचनस्य योग्यपुत्राभाववता सुतः कार्य इति व्याख्याभिप्रायेण श्राद्धकरणायोग्ये बालपुत्रादौ सत्त्वेऽपि कृत्रिमादयो भवन्ति इति रामेश्वरोपाध्यायचरणाः । अपुत्रेणेति विद्यमानपुत्राभाववतेति व्याख्याम-भिप्रेत्य पुनःगर्भस्थऽपिसन्देहे न कृत्रिमादिकरणमिति वंशधरोपाध्यायाः । व्यवहारस्तु तत्तन्मतानुयायिनां तत्तन्मतव्याख्यानुसारेणेति ।

हिन्दी—श्राद्धाधिकार का निर्णय— 'पूर्वाक्रिया तो सबके लिए करणीय है किन्तु, पुत्रादिकों के लिए ही उत्तरा क्रिया है ।' यह विष्णुपुराण के वचन से सिद्ध है । इसमें श्राद्ध के अधिकारियों के पहले का और बाद का सम्बन्ध क्रम निर्धारित किया गया है—

इनमें सर्वप्रथम औरस अर्थात् विवाहिता पत्नी से उत्पन्न पुत्र का ही श्राद्धाधिकार है । वैध पुत्र नहीं रहने पर नाती का (बेटी का बेटा) और इन दोनों के अभाव में क्षेत्रजादि अर्थात् विधिवत् नियुक्त पुरुष से उत्पन्न पुत्र (धर्मशास्त्र में जायज माने हुए १२ प्रकार के पुत्रों में से एक प्रभृति मनु के द्वारा बतलाये गये क्रम से अधिकारी है । उदाहरणार्थ—

औरस (वैध पुत्र), क्षेत्रज (अन्य पुरुषोत्पादित पुत्र), पुत्रिका पुत्र (नाती), कानीन (अविवाहित स्त्री से उत्पन्न पुत्र), सहोढः (परकीया से उत्पादित अवैध

पुत्र), गूढ़ोत्पन्न (यह उस स्त्री का गुप्त पुत्र है, जिसका पति परदेश गया है तथा वास्तविक पिता अज्ञात है), पौनर्भव (जिसने दूसरे पति से विवाह कर लिया है ऐसी विधवा से उत्पन्न पुत्र), अपविद्ध (माता या पिता या दोनों से त्यागा हुआ पुत्र जिसे किसी अपरिचित व्यक्ति ने गोद ले लिया हो, ऐसा पुत्र), दत्तः (किसी के द्वारा दिया गया पुत्र), क्रीतः (अपने नैसर्गिक माता पिता से मोल लिया गया पुत्र), कृतः (अन्यत्र उत्पादित पुत्र), एवं उपगत अर्थात् (अपने आप बेटा के रूप में समीप पहुंचा हुआ पुत्र) ये बारह प्रकार के पुत्र कहे गये हैं । औरस बेटे भी यदि अनेक हों तो उनमें सर्वसम्मति से बड़े बेटे ही श्राद्ध के अधिकारी है । इस पर मरीचि ने कहा है—पिता के मरने पर प्रयत्नपूर्वक पुत्र को श्राद्ध क्रिया करनी चाहिए । पिता के साथ इकट्ठे रहने वाले यदि अनेक पुत्र हों तो वे सभी एक मत होकर संयुक्त पारिवारिक धन से, बड़े बेटे जो कुछ करें, उसमें सहयोग करना चाहिए ।

यहाँ सबों की अनुमति से द्रव्यार्पण द्वारा श्राद्ध क्रिया के निष्पादन में आने वाली रुकावट के निराकरण से फलसिद्धि होती है । इसका अर्थ यह हुआ कि यद्यपि श्राद्ध करने का सबको अधिकार है फिर भी अलग श्राद्धानुष्ठान का कोई वचन नहीं है । और इस तरह जहाँ जहाँ देशान्तर में सहमति एवं संयुक्तधन का अभाव है वहाँ अकेले भी श्राद्धादिक्रिया सम्पादन करना चाहिए । अन्यथा दोष का निराकरण नहीं होगा । ऐसा शुद्धि विवेक में कहा गया है । और जो—'अलग धन खर्च कर बेटों को अलग अलग श्राद्ध नहीं करना चाहिए । लघुहारीत का यह वचन है, जो सबों की सम्मति और सम्मिलित धन का यह पृथक्करण निषेध करता है । बृहस्पति का वचन है—

पुरातन ऋषियों के द्वारा जो पुत्रों ने पहले अनेक प्रकार के श्राद्ध किये हैं, वैसे श्राद्ध आधुनिक कलियुगी बेटों के वश की बात नहीं है । इदन्तनैः = कलियुगी लोगों के द्वारा । कलिधर्म के प्रस्ताव में, पराशर की उक्ति—'औरस, क्षेत्रज, दत्तक और कृत्रिम पुत्रों को श्राद्ध करना चाहिए ।' कर्त्तव्य शब्द यहां अवशिष्ट है ।

